आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 219 ● जबलपुर ● शुक्रवार, 10 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष -4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in



गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

## वरिष्ठ पत्रकार श्री आशीष शुक्ला शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित



शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी से सम्मान प्राप्त करते यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला साथ में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती डॉ रश्मि शुक्ला, चैक प्रदान करते पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह।

# जो सम्मान मुझे मिला है उसकी गरिमा को बरकरार रखूंगा

**जबलपुर यशभारत।ज्योतिष और द्वारका पीठाधीश्वर श्री श्री अनंत विभूषित जगतगुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के 98 वे प्रक्टोत्सव पर उनकी तपोस्थली परमहंसी गंगा आश्रम श्रीधाम झोतेश्वर में वरिष्ठ पत्रकार और यशभारत के संस्थापक श्री आशीष शुक्ला को गरिमामय समारोह में इस वर्ष के शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**

### जगतगुरु शंकराचार्य जी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के हाथों प्रदान की गई 1 लाख नगद पुरस्कार राशि

पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपए नगद के साथ सम्मान पत्र और शाल ओढ़ाकर उन्हें समाज के लिए निरंतर सकारात्मक पत्रकारिता का आशीर्वाद शंकराचार्य जी ने प्रदान किया।इस मौके पर मंच पर पधारे विशिष्ट जनों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित जनमेदनी ने तालियों के साथ स्वागत किया।कार्यक्रम में दंडी स्वामी सदानंद सरस्वती, दंडी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, शंकराचार्य के निज सचिव स्वामी सुबुद्धानंद स्वामी स्वामी चैतन्यानंद स्वामी ध्यानानंद के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ,राज्य सभा सदस्य दिग्विजय सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा , पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन पी प्रजापति ,रामेश्वर नीखरा, विष्णु शंकर पटेल सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन पूर्व विधायक पाटन भगवत गुरु आदि सैकड़ों हस्तियां विद्यमान थी।कार्यक्रम के पूर्व शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का पादुका पूजन और वेद की ऋचाओं के मध्य उनका 98वां भव्य प्राक्ट्योत्सव मनाया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद श्री आशीष शुक्ला और उनकी अर्धांगिनी डा. रश्मि शुक्ला और यशस्वी पुत्री याशिका ने भी चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।सनातन धर्म के नारों मध्य शंकराचार्य जी ने सभी को सनातन परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने के साथ समृद्ध करने हेतु प्रेरित करते हुए सभी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

**फोटो-बबलू रजक**

**( देखें पेज 2 भी )**

## आज समंदर उतरेगा पहला न्यूक्लियर मिसाइल ट्रैकिंग जहाज ध्रुव

# नेस्तनाबूत होगा परमाणु मिसाइल हमला



**नई दिल्ली।** भारत की तरफ आने वाली न्यूक्लियर मिसाइलों को ट्रैक करके उन्हें दुश्मन की धरती पर ही खत्म करने वाला आईएनएस ध्रुव आज लांच होने जा रहा है। इसी के साथ भारतीय नौसेना के बेड़े में पहला न्यूक्लियर मिसाइल ट्रैकिंग जहाज भी शामिल हो जाएगा। इस जहाज को खास तौर पर चीन और पाकिस्तान की निगरानी के लिए तैनात किया जा रहा है क्योंकि दोनों ही देश न्यूक्लियर मिसाइल दागने की क्षमता रखते हैं। एक बार आईएनएस ध्रुव समंदर में उतर गया तो दुश्मन ऐसा करने की हिमाकत भी नहीं करेगा। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल विशाखापत्तनम में इस जहाज को लांच करेंगे। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) के सहयोग से हिंदुस्तान शिपयार्ड द्वारा इस जहाज को बनाया गया है।

# छिंदवाड़ा में ट्रक ने कार को पीछे से मारी टक्कर, 6 लोगों की मौत



**छिंदवाड़ा।** गुरुवार की रात तकरीबर 9 बजे शहर के बाहरी क्षेत्र बैतूल जाने वाले रिंग रोड के समीप गुरैया मार्ग पर दर्दनाक हादसा हुआ। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में पीछे की सीट पर बैठे तीन बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए थे। कार सवार एक महिला व एक बच्ची दुर्घटना के बाद दूर गड्ढे में जा गिरी थी जिनका शव पुलिस ने बाद में बरामद कर लिया। कार सवार कन्हरगांव के समीप पटपड़ा जा रहे थे वहीं रात 1.30 पर एक बच्चे की मौत हुई। बताया जा रहा है कि ट्रक की गति काफी तेज थी ट्रक ने धीमी चल रही कार को इतनी जोर से टक्कर मारी जिससे कार सड़क किनारे काफी फिट दूर गड्ढे में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने जब हादसा देखा तो तत्काल कार के पास पहुंचे इस दौरान कार में कई लोग फंसे हुए थे।

## जाग ही गया सऊदी अरब का तालिबान प्रेम

**काबुल।** लंबे समय से तालिबान पर चुप्पी साधे सऊदी अरब की ओर से प्रतिक्रिया आई है। सऊदी अरब का कहना है कि हमें उम्मीद है कि तालिबान एक अच्छी सरकार चलाएगा और अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता की स्थापना करेगा।

## निपाह वायरस की एक घंटे में मिलेगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** कोरोना के बाद निपाह वायरस के बढ़ते खतरे के बीच भारत को बड़ा हथियार मिला है। ड्रग कंट्रोलर ऑफ इंडिया की ओर से निपाह वायस की जांच के लिए गोवा की मोल्बियो डायग्नोस्टिक की टेस्ट किट को आपात इस्तेमाल की मंजूरी मिल गई है। ट्रूनेट नाम की यह टेस्ट किट से आरटीपीसीआर प्लेटफार्म पर आधारित है। निपाह वायरस की जांच के लिए अनुमोदित यह भारत की पहली टेस्ट किट है। ट्रूनेट पूरी तरह से स्वदेशी, बैटरी से चलने वाली और आरटीपीसीआर प्लेटफॉर्म पर आधारित है। इसके माध्यम से करीब 30 बीमारियों की जांच की जा सकती है और एक घंटे से भी कम समय में इसके नतीजे सामने आ जाते हैं। इस किट से टीबी, कोरोना, डेंगू, चिकनगुनिया, हेपेटाइटिस, एचपीवी जैसी बीमारियों की जांच की जा सकती है।

### क्विक अपडेट



## छत्तीसगढ़ की बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी कश्यप इंडिया में नंबर वन

**रायपुर।** आकर्षी कश्यप इंडिया नंबर वन अब वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप 100 के अंदर जगह बनाई। वहीं, सीनियर में दो साल से लगातार पहले स्थान पर बनी हुई हैं। डेनमार्क बैडमिंटन इंटरनेशनल में सेमीफाइनल वा मेक्सिको में क्वार्टर तक के अच्छे प्रदर्शन से आकर्षि का वर्ल्ड रैंक 94 वें स्थान पर हैं। आकर्षी अंडर 15,17और 19 की नेशनल चैंपियन बनी और सीनियर नेशनल ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हैं।

## किसी भी बाहुबली या माफिया को टिकट नहीं देगी बसपा

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी को इस बार चुनाव न लड़ाने का ऐलान कर दिया है। उनके स्थान पर मऊ सदर क्षेत्र से बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर चुनाव लड़ेंगे। ट्विटर के जरिए मायावती ने कहा है कि पार्टी ने फैसला लिया है कि विधानसभा चुनाव में किसी बाहुबली या माफिया को चुनाव में लड़ाया जाए इसलिए यह निर्णय लिया गया है। मायावती ने ट्वीट कर यह एलान किया।

# ममता के खिलाफ प्रियंका



**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में 30 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए कमर कस ली है। खासकर भवानीपुर सीट पर तो पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की खासी दिलचस्पी है। दरअसल, अगर ममता इस सीट से उपचुनाव हार जाती हैं, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ेगा। ऐसे में भाजपा ने यह मौका भुनाने के लिए पार्टी नेता प्रियंका टिबरीवाल को ममता के खिलाफ मौका दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रियंका अब तक खुद जिन दो चुनावों में खड़ी हुई हैं, उनमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में भाजपा के उन्हें ममता के खिलाफ लड़ाने के फैसले पर सवाल भी उठ रहे हैं।टिबरीवाल का जन्म सात जुलाई 1981 को कोलकाता में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा वेलैंड गॉल्डस्मिथ स्कूल से पूरी की और दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उसके बाद, उन्होंने 2007 में कलकत्ता विश्वविद्यालय के अधीनस्थ हाजरा लॉ कॉलेज से कानून की डिग्री हासिल की। उन्होंने थाईलैंड अनुमान विश्वविद्यालय से एमबीए भी किया है।

# डेंगू और चिकनगुनिया का इलाज आयुष्मान योजना में शामिल



**भोपाल।** प्रदेश में डेंगू और चिकनगुनिया का इलाज आयुष्मान योजना में शामिल किया गया है। कोई भी सूचीबद्ध अस्पताल योजना के अंतर्गत इसके इलाज से इन्कार नहीं कर सकता है। इसकी रोकथाम के लिए जल स्रोत में दवा का छिड़काव, लार्वा नष्ट करने और फॉगिंग का काम मिशन मोड में किया जाए। जिला अस्पतालों में दस बिस्तरों के आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था बनाई जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को मंत्रालय में 17 सितंबर को होने वाले टीकाकरण महाअभियान की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से कोरोना से बचाव के लिए टीके उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा हुई है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि आवश्यकता के अनुसार आपूर्ति टीके मिलते रहेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ जिलों में डेंगू और चिकनगुनिया के मामले सामने आए हैं। इसे नियंत्रित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। अधिकारियों ने बताया कि कीटनाशक का छिड़काव डेंगू संक्रमित मरीज के घर के आसपास के घरों में कराया जा रहा है। बुखार का इलाज आयुष्मान योजना में पहले से शामिल है पर डेंगू और चिकनगुनिया को और स्पष्ट कर दिया गया है। कोविड टीकाकरण को लेकर उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को महाअभियान को सफल बनाने के लिए सभी कदम उठाए जाएं।

## कोरोना मरीजों में उतार-चढ़ाव जारी एक दिन में 34,973 नए मामले



**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमितों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। बीते 24 घंटे में 34,973 मामले सामने आए हैं। भले ही गुरुवार को सामने आए आंकड़ों की तुलना में शुक्रवार को 8,290 मरीज कम आए हों फिर भी यह संख्या डराने वाली है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक 24 घंटे में 260 लोगों की मौत हो गई तो वहीं 37,681 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट गए। देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 3,90,646 है। वहीं देश में कुल मृतकों की संख्या की बात करें तो यह 4,42,009 हो गई है और अब तक कुल स्वस्थ मरीजों की संख्या 3,23,42,299 हो गई है। केरल में कोरोना संक्रमण नियंत्रण से बाहर हो चुका है। यहां आए दिन 20 हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। पिछले 24 घंटों में देश में सामने आए 34,973 कोरोना मरीजों में से अकेले केरल में ही 26,200 केस दर्ज किए गए हैं। वहीं राज्य में 114 लोगों की मौत भी हो गई है। केरल के बाद दूसरा राज्य महाराष्ट्र है।

# भारत ने पांचवां टेस्ट खेलने से किया इन्कार इंग्लैंड को मिला वाकओवर, सीरीज 2-2 से बराबर



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और भारत के बीच पांचवां और अंतिम टेस्ट रद्द कर दिया गया है। पहले खबर आई थी कि मैच एक दो दिन टल सकता है, लेकिन आखिरी में दोनों देशों के क्रिकेट बोर्डों ने इसे रद्द करने का फैसल कर लिया। कोरोना की मार के कारण यह मैच रद्द हुआ है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार सीरीज का आखिरी मैच 10 सितंबर से मैनचेस्टर में शुरू होने वाला था, लेकिन इससे एक दिन पहले 9 सितंबर को भारतीय टीम के फीजियो को कोरोना संक्रमित पाया गया था। इसके बाद सभी क्रिकेटरों की जांच हुई। हालांकि सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई थी। बहरहाल, ओवल टेस्ट जीतने के बाद भारत ने सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली थी, लेकिन यह मैच इंग्लैंड के खाते में गया है, क्योंकि भारत ने खेलने से इन्कार कर दिया और इंग्लैंड को वॉक ओवर मिल गया है। इस टेस्ट को लेकर कई तरह की शंकाएं लगाई जा रही थी, क्योंकि जूनियर फिजियो योगेश परमार भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। जूनियर फिजियो योगेश परमार के पॉजिटिव आने के बाद भारतीय टीम ने प्रैक्टिस बंद कर दी थी और सभी खिलाड़ियों का आरटीपीसीआर टेस्ट किया गया था।

## करनाल में मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल

**करनाल।** हरियाणा के करनाल में मोबाइल इंटरनेट सेवा को बहाल कर दिया गया है। किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान सोशल मीडिया के जरिए अराजकता को न फैलने से रोकने के लिए हरियाणा सरकार ने करनाल समेत पांच जिलों में इंटरनेट सेवा ठप कर दी थी। हालांकि बाकी जिलों में पहले ही इंटरनेट सेवा को बहाल कर दिया गया था। वहीं करनाल में शुक्रवार को प्रशासन ने इंटरनेट सेवा शुरू कर दी। उधर किसानों के समर्थन में वकील भी उतर आए हैं।

# मेरे परिवार का जम्मू-कश्मीर से पुराना रिश्ता



**जम्मू।** दो दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि जब भी मैं जम्मू-कश्मीर आता हूं, मुझे लगता है कि मैं घर आ गया हूं। मेरे परिवार का जम्मू-कश्मीर से पुराना रिश्ता है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए आलोचना की। बैठक में प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद, प्रदेश अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर के साथ ही अन्य नेता भी शामिल हैं। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद राहुल का जम्मू संभाग का यह पहला दौरा है। पिछले एक महीने में जम्मू-कश्मीर के दौरे पर वे दूसरी बार आए हैं। इससे पहले वे नौ व 10 अगस्त को श्रीनगर आए थे जहां उन्होंने पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया था। इससे पहले उन्होंने गुरुवार को मां वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाई। कटड़ा से भवन तक वे पैदल ही गए। शाम की आरती में शामिल होने के बाद वे रात को ही जम्मू आ गए थे। दर्शन के बाद भवन से अर्धकुंवारी तक बैटरी कार से आए राहुल ने शेष रास्ता पैदल ही तय किया। रास्ते में वैष्णो देवी दर्शन के लिए जा रहे कई यात्रियों से बात की सेल्फी भी ली।




# गणेश चतुर्थी मध्यप्रदेश इकलौता राज्य जहां विश्व विख्यात चार गणेश मंदिर

**धर्म डेस्क।** आज देशभर में गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जा रहा है। आज के दिन भक्त गणपति बप्पा को नियम-निष्ठा के साथ अपने घर लाते हैं या फिर मंदिरों में दर्शन करने जाते हैं। देश में भगवान गणेश की कई सिद्ध मंदिरें हैं। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान गणेश के दरबार में पहुंच रहे हैं। लेकिन, मध्यप्रदेश इकलौता राज्य है, जहां एक साथ चार गणेश मंदिर विश्वविख्यात है। आइए आज हम आपको चार प्रसिद्ध गणेश मंदिरों की कहानी बताते हैं, जहां सिर्फ प्रदेश के लोग ही नहीं बल्कि देश और दुनिया के लोग मनोकामना पूरी करने के लिए पहुंचते हैं।

### ग्वालियर में तानसेन ने गणेश मंदिर में बैठकर श्रीगणेश स्तोत्र' की रचना की

धार्मिक मान्यता के अनुसार, संगीत सम्राट तानसेन ने ग्वालियर के बेहट में स्थित शिवालय व गणेश मंदिर में बैठकर ही 'श्रीगणेश स्तोत्र' की रचना की थी। बेहट के ऐतिहासिक झिलमिलेश्वर शिव मंदिर में तानसेन को आवाज मिली, वहीं गणेश मंदिर परिसर में वे संगीत का रियाज करते थे।



### उज्जैन में चिंतामण गणेश मंदिर


मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में भगवान गणेश का प्राचीन मंदिर स्थित है। यह मंदिर महाकाल मंदिर से 6 किलोमीटर की दूरी पर है। यह प्राचीन मंदिर चिंतामण गणेश के नाम से प्रसिद्ध है।चिंतामण गणेश मंदिर का निर्माण राजा विक्रमादित्य के शासनकाल में हुआ। गणेश जी के इस प्रसिद्ध मंदिर के गर्भगृह में तीन प्रतिमाएं स्थापित है। गौरीसुत गणेश की तीन प्रतिमाएं गर्भगृह में प्रवेश करते ही दिखाई देती हैं, यहां पार्वतीनंदन तीन रूपों में विराजमान हैं।

### सीहोर में चिंतामण सिद्ध गणेश

सीहोर में चिंतामण सिद्ध गणेश में प्रतिमा आधी जमीन में धंसी है। मंदिर में स्थापित प्रतिमा को लेकर दो मान्यताएं हैं। चिंतामण गणेश मंदिर के बारे में कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना विक्रमादित्य ने की थी। पौराणिक कथाओं के अनुसार, यहां स्थापित मूर्ति भगवान गणेश ने उन्हें स्वयं दी थी।

### इंदौर में खजराना गणेश

इंदौर के खजराना मंदिर के बारे में कथाओं में अलग मान्यता है। गणेश प्रतिमा पास ही एक बावड़ी में मिली थी। मंदिर का जीर्णोद्धार 1735 में शुरू हुआ। तत्कालीन होलकर घराने की इच्छा थी कि प्रतिमा को राजबाड़ा लेकर आएं और यहां मंदिर बनाकर स्थापित करें। इसके लिए उन्होंने बहुत प्रयास किया, लेकिन गणेश प्रतिमा टस से मस नहीं हुई। अंततः इसे भगवान की इच्छा मानकर वहीं मंदिर बनाने का निर्णय हुआ। आज भी बावड़ी उसी स्वरूप में परिसर में मौजूद है।



जबलपुर। जगतगुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के 98 वे प्रक्टोत्सव पर उनकी तपोस्थली परमहंसी गंगा आश्रम श्रीधाम झोतेश्वर में पत्रकारिता सम्मान प्राप्त करने के बाद यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला ने कहा कि यह क्षण उनके लिए अद्भुत अनमोलऔर अविस्मरणीय है जिसे कभी भुला नहीं सकता। इसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। मैंने 23 फरवरी 2006 में उनसे दीक्षा ली थी।



परिवार के साथ



स्नेहीजन



गुरु से आशीर्वाद

# मेरे लिए अद्भुत और अविस्मरणीय पल : आशीष शुक्ला

आज महाराज जी के आशीष ने मेरे जीवन में एक नई रोशनी नई दिशा और सोच और धर्म में बहुत परिवर्तन ला दिया है।इसके अलावा जिम्मेदारियों को निभाने के लिए बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया है। उन्होंने अपना सम्मान अपने पिता स्व. अरुण शुक्ला और मातुश्री स्व. श्रीमती सुशीला शुक्ला को समर्पित करते हुए कहा कि यह उनके आशीर्वाद का प्रतिफल है कि यशभारत का उदय हुआ।मेरे जीवन का हर वो पल जो मेरे साथ हर कठिनाइयों मे साथ रहे तथा यशभारत से जुड़े हर व्यक्ति को समर्पित करता हूं।।श्री शुक्ला ने कहा कि । मेरे जीवन में अनेक मोड़ आये लेकिन गुरुदेव के मार्ग दर्शन और दीक्षा मंत्र ने सही मार्ग पर चलाते हुए समाज के लिए हमेशा प्रेरणा प्रदान की।

उन्होंने आगे कहा कि मैंने बिना पिता के जीवन व्यतीत किया है तब मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि श्री विवेक कृष्ण तन्खा जो इस मंच पर विराजमान हैं उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिला, उन्हें मैं प्रणाम करता हूं। उन्होंने मेरी अहमियत और क्षमता का एहसास कराया और आप लोगों के सामने बोलने के अवसर का आशीष फलीभूत हुआ।मेरे परिवार में मुझे संस्कार मिला है कि अपने से बड़ों का सम्मान करें।अत: यहां बैठे सभी बुजुर्गों के चरणों में सिर रखकर प्रणाम करता हूं। हम उम्र को हृदय से लगाता हूं।अपने से अनुजों से अभिलाषा है कि वे अपने माता पिता और गुरु को ईश्वर मानें।भगवान उन्हें सब कुछ देगा।मैं पुन: गुरुजी के चरणों में प्रणाम करता हूं और वचन देता हूं कि आपने जो गरिमा मुझे प्रदान की है उसकी गरिमा को बरकरार रखूं और कोशिश करूंगा कि मुझसे कोई त्रुटि न हो। इस अविष्मरणीय पल के साक्षी बने,अखिलेश शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता संपूर्ण तिवारी ,समाज सेवी उदयभान सिंह, स्टेमफील्ड के संचालक पर्व जायसवाल, डॉ अभिजात्य त्रिपाठी,अवधेश कटारे,श्रीमती शालिनी कटारे अभिषेक शुक्ला,अजेय शुक्ला,सौरभ शुक्ला,अजित तिवारी, कल्ली तिवारी, अम्बरीश तिवारी,विपलव अग्रवाल, रवि चौबे, आशीष तिवारी, विनोद वैद्य, अमित झा, प्रेमनारायण पांडे अनूप तिवारी , मनोज चौरसिया, मनोज सेन, संजय पाण्डे, बसंत उपाध्याय, अभिमन्यु जैन, सुरेश मिश्र, मुदित तिवारी, अक्षत तिवारी आदि मौजूद रहे।



आशीष शुक्ला का स्वागत करते पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव साथ में दीपक शर्मा टिम्मी व अन्य।



## ग्राम भमकी में हुआ स्वागत

यशभारत के डायरेक्टर आशीष शुक्ला जब सम्मान प्राप्त करने के लिए झोतेश्वर जा रहे थे तब रास्ते में ग्राम भमकी के लोगों को इसकी जानकारी लगी तो वे आनन फानन में इकट्ठा होकर मार्ग में इंतजार करने लगे।जैसे ही उनका काफिला ग्राम भमकी पहुंचा लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद कर सम्मान में नारे लगाए।श्री शुक्ला ने सभी ग्राम वासियों के प्रति कृतज्ञता और धन्यवाद अर्पित किया और अगले पड़ाव की तरफ बढ़ गए।



# शिक्षाविद् , साहित्यकार प्रो. राजेंद्र तिवारी ऋषिजी को किया याद

**जबलपुर।** श्रीजानकी रमण महाविद्यालय में महान साहित्यकार,शिक्षाविद,प्रो. राजेन्द्र तिवारी ऋषि जी के अवतरण एवं अवसान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि प्रो.ऋषि जी का व्यक्तित्व एवं कर्तत्व समाज और युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत निरुपित किया । इस अवसर पर सर्व श्री शरद चन्द्र पालन, अभिमन्यु जैन, डॉ कौशल दुबे, निरंजन द्विवेदी , प्रमोद दुबे च्मुनिज ,नरेश द्विवेदी, अशुतोष तिवारी ,डॉ शक्तिसिंह मंडलोई आदि ने श्रद्धांजलि प्रस्तुत करते हुए उनको याद किया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन डॉ आंनद सिंह राणा ने किया। इस अवसर पर श्रीजानकी रमण महाविद्यालय के सदस्य डॉ गंगाधर त्रिपाठी , चंद्र कुमार चौबे ,अजय मिश्रा, मनोज चौरसिया, मुकेश श्रीवास्तव,संजय पांडे ,हेमंत सोंधिया,डेनियल पटेल, राधा झारिया ,दिव्या विश्वकर्मा, मीनाक्षी लोधी गोपाल रैकवार, आनंद रैकवार आदि उपस्थित रहे।

## पुष्पा द्विवेदी को मथुरा में किया सम्मानित

**जबलपुर।** पुष्पा द्विवेदी मुख्य वाणिज्य निरीक्षक के पद पर पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक कार्यालय में पदस्थ है इनके द्वारा अपने कर्तव्य के अतिरिक्त किये गये उत्कृष्ठ कार्य एवं सामाजिक कार्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए कृष्ण की नगरी मथुरा में नेशनल वूमेन्स इंस्पिरेशन अवार्ड समारोह आयोजित किया गया जिसमें महिला एवं बाल कल्याण के साथ.साथ नारी सशक्तिकरण व पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यो के लिए पुष्पा द्विवेदी सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया गया है उन्हें यह सम्मान मथुरा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी द्वारा प्रदान किया गया। इस संबंध में पुष्पा द्विवेदी ने बताया कि इंसान की सबसे बड़ी पूंजी शिक्षा व स्वास्थ्य है लेकिन समाज का बहुत हिस्सा इन मूलभूत आवश्यकताओं से कहीं न कहीं वंचित है खासकर छोटे.छोटे बच्चे जिन्हें बाल्य अवस्था में शिक्षा की जरुरत होती है लेकिन उन्हें नही मिल पाती बस ऐसे बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने के काम के अलावा वह हमेशा जरुरतमंदों की मदद के लिए काम करती रहती है ।उक्त अवार्ड से सम्मानित होने वाली जबलपुर से प्रथम महिला समाज सेविका है उक्त अवार्ड से सम्मानित से होने जबलपुर शहर के साथ.साथ प्रदेश का भी नाम रोशन हुआ है। उल्लेखनी है कि इससे पहले भी पुष्पा द्विवेदी को अलग.अलग मंच पर राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जा चुका है।



# जबलपुर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी का कारनामा

**जबलपुर, यशभारत** ।म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया है कि शिक्षक सवर्ग के लोक सेवकों के एक जिले से दूसरे जिले स्वैच्छिक तथा पारस्परिक स्थांतरण के अधिकार आयुक्त लोक शिक्षण म.प्र.भोपाल को हैं। किन्तु जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर अपने आदेश क्रमांक/एफ/स्थांतरण/2021/20- ऊएड/ जबलपुर/ 90260 दिनांक 31.08.2021 के द्वारा अब्दुल सलीम प्राथमिक शिक्षक शास.प्राथ.शा.नारायणपुर बधराजी विकास खण्ड कण्डम जिला जबलपुर तथा श्रीमती मनीषा विश्वकर्मा प्राथमिक शिक्षक शास.प्राथ.शा.नवपुला जिला सतना के पारस्परिक नियम विरूद्ध के स्थांतरण का आदेश जारी किया गया है। (नियम विरुद्ध सीनांतरण आदेश की प्रति संलग्न है) उक्त आपसी स्थांतरण के अधिकार आयुक्त लोक शिक्षण म.प्र. भोपाल के पास सुरक्षित हैं. जिसका दुरूपयोग करने के साथ-साथ आदेश जारी होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी की समहति से आपसी स्थांतरण का क्रियान्वयन संकुल प्राचार्य शास.उ.मा.वि.बघराजी से दबाब डालकर कराया गया जबलपुर से स्थानांतरित शिक्षक अब्दुल सलीम को सतना के लिए कार्यमुक्त किया तथा श्रीमती मनीषा विश्वकर्मा को जबलपुर जिले में कार्यभार ग्रहण कराया गया है।संघ के योगेन्द्र दुबे ने उक्त शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से करते हुए यह कहा गया है कि भारी भ्रष्टाचार कर शासन द्वारा स्थांतरण के अवसर को स्थांतनतरण उद्योग में तबदील कर ऐसे अनेकों नियम विरूद्ध स्वैच्छिक, पारस्परिक, प्रशासनिक स्थानांतरण कर शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उल्लंघन किया गया है। दोषी अधिकारी को निलंबित कर संपूर्ण स्थांतरण प्रक्रिया की उच्च स्तरीय जांच की जाये।

# बिना तप- तपस्या किए नहीं मिल सकता मोक्ष मार्ग : आचार्यश्री

**जबलपुर।** दर्पण छोटा हो या बड़ा इससे फर्क नहीं पड़ता उसे साफ सुथरा होना आवश्यक है तभी हम अपने बाह्य रूप को देख सकते हैं और बाह्य रूप को सुंदरता देते हैं हमारे वस्त्र । वस्त्रों में जो बाहरी तत्व चिपक कर गंदा कर देते हैं तो हम साबुन के माध्यम से उसे साफ करते हैं लेकिन याद रखें कि सिर्फ साबुन वस्त्र को साफ नहीं कर सकता उसे पानी की आवश्यकता होती है और सिर्फ पानी वस्तु को साफ नहीं कर सकते क्योंकि उन्हें साबुन की आवश्यकता होती है। इसी तरह जब हमारी आत्मा में गंदगी आ जाए तो उसे भी साफ करना आवश्यक है आचार्य कुंदकुंद महाराज द्वारा लिखित समयसार में आत्मा को साफ करने का विधि विधान लिखा है, जब हमारी आत्मा बाहरी राग- द्वेष के कारण गंदी हो जाती है तो पर्यूषण पर्व उसे साफ करने का सबसे अच्छा अवसर होते हैं। मुनि हर पल अपनी आत्मा को साफ करते रहते हैं , उनकी साधना से आत्मा में कभी मैल नहीं जम सकता , आचार्य श्री कहते हैं कि जिस तरह गर्म लोहे का प्रेस कपड़े को तपा कर उसे चमकदार बना देता है उसी तरह मोक्ष मार्ग भी बिना तप- तपस्या किए नहीं मिल सकता। व्यक्ति सब कुछ करें रत्नात्रय का पालन करें लेकिन तप ना करें कभी उसे फल प्राप्त नहीं हो सकते । श्रावकों के लिए कहा है कि दान, पूजा, मर्यादित जीवन, अपरिग्रह और शील की रक्षा उपवास के ही प्रयोग है । पर्युषण पर्व प्रारंभ हो रहे हैं 10 दिन पर्यूषण पर्व 10 दिन संयम के दिवस होते हैं , हमें कर्म की निर्जला करना चाहिए इससे आयु की निर्जरा भी हो जाती है । पुण्य , पाप को विनाश करने का कार्य करता है, पुण्य ङ्क पाप की निर्जला का प्रावधान है आप जीवन में इंद्रियों को जीतने के लिए त्याग करते हैं , इससे कर्म की सबसे ज्यादा निर्जरा होती है , पर्युषण पर्व की परंपरा है, इंद्रियों का दमन करने से ही सल्लेखना का सौभाग्य मिलता है



# स्वर्गीय पंडित ओंकार तिवारी स्मृति पुष्पांजलि 13 को

**जबलपुर।** अपराजेय विधायक पूर्व मंत्री मनसा वाचा कर्मणा से मानवता के लिए समर्पित स्वर्गीय पंडित ओंकार प्रसाद तिवारी की 21वीं पुण्यतिथि 13 सितंबर 2021 को कोरोना के कारण सादगी से मनाई जा रही है ।स्मृति समिति एवं जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि गुप्ता, संयोजक राजेश पाठक प्रवीण, अनिल तिवारी, आलोक तिवारी एवं अनूप तिवारी ने बताया कि प्रात: 9ः00 बजे दमोह नाका चौराहे पर एवं 10ः00 बजे जेडीए स्कीम नंबर 41 में पंडित ओंकार तिवारी नगर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि की जाएगी समिति ने सभी से उपस्थिति का आग्रह किया है ।



## स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि को मंत्री का दर्जा

**जबलपुर।** राज्य शासन ने मध्यप्रदेश गौपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं कार्य परिषद् के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि को राज्य शासन के मंत्री का दर्जा प्रदान किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं।

# 2 दिवसीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप उद्घाटित

**जबलपुर।** जबलपुर यहां के इस लैंड खमरिया के कम्युनिटी हॉल में जबलपुर जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन आराध्य फाउंडेशन एवं कामगार यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय जिला पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 21 एमसी गुप्ता अतिरिक्त महाप्रबंधक आयुध निर्माणी खमरिया के मुख्य अतिथि नरेंद्र तिवारी राष्ट्रीय संगठन मंत्री एम एस की अध्यक्षता बीबी सिंह अतिरिक्त महाप्रबंधक प्रशासन एम एम ए रहमान संयुक्त महाप्रबंधक प्रशासन दिनेश कुमार उप महाप्रबंधक प्रशासन ऋषि पाल कार्य प्रबंधक खेल अधिकारी एनडी तिवारी सहायक कार्य प्रबंधक प्रशासन की विशेष आतिथ्य में उद्घाटित हुई । अतिथियों ने अपने उद्बोधन में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि ऐसे ही मंचों से हमारे देश को ओलंपियन खिलाड़ी मिलते हैं जो कि देश का मान बढ़ाते हैं इस अवसर पर आयोजन समिति के विंस्टन लाल डॉ प्रशांत मिश्रा जगदीश रजक ललित जान दत्ता भाऊ एवं शकील अनवर आदि मौजूद रहे । दो दिवसीय चैंपियनशिप का आज शाम 5ः00 बजे पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह होगा । जहां राष्ट्रपति जीवन रक्षा पदक प्राप्त नगर निगम के संभागीय खेल अधिकारी डॉ राकेश तिवारी का सम्मान आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा।



# 4 स्पेशल गाड़ियों में लगेंगे अतिरिक्त कोच



**जबलपुर यश भारत।** प्रतीक्षा सूची धारकों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण हमेशा ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए गा?ी संख्या 09238 रीवा से राजकोट स्पेशल ट्रेन 13.09.2021 को 02 शयनयान श्रेणी और गाड़ी संख्या 02854 भोपाल से दुर्ग अमरकंटक स्पेशल ट्रेन में दिनाँक 12.08.2021 को 01 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09807 कोटा से हिसार स्पेशल ट्रेन में 12.09.2021 एवं 14.09.2021 को 02 शयनयान श्रेणी और गा?ी संख्या 09813 कोटा से हिसार स्पेशल ट्रेन में 13.09.2021 को 01 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है।

# शाला त्यागी बच्चों को खोजने दर दर भटक रहे शिक्षक

जबलपुर ।राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेशानुसार बी.आर.सी कार्यालयों द्वारा शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के षिक्षकों को शाला त्यागी बच्चो की जानकारी एकत्र कर फीडबैक तैयार कर पोर्टल में अप लोड करने को दी गई हैं, जिस हेतु षिक्षक प्रायवेट शालाओं के चक्कर काट रहे हैं वहीं दूसरी और बच्चों की डबल समग्र आईडी होने सही एड्रस न होने और बच्चों का सही मोबाईल नम्बर न होने से जानकारी एकत्र करने में षिक्षकों को परेषान होना पड़ रहा है, परंतु उन्हे सही जानकारी नहीं मिल पा रही है वहीं वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा प्रतिदिन की प्रोगरेस रिर्पोट मांगी जा रही है। और हर हफ्ते नयी-नयी लिस्ट षिक्षकों को सौंपी जा रही है। दूसरी ओर शिक्षकों को बेसलाईन टेस्ट, ऑनलाईन क्लासेस और अब माध्यमिक शालाओं में 6 वीं से 8 वीं के बच्चों को पढ़ाना भी है वहीं दूसरी और एन.ए.एस की तैयारी कराना है वहीं षिक्षकों को नोडल अधिकारी और बी.एल.ओ भी बनाया गया है ऐसे में एक समय में इतने सारे कार्य करने में परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि जिन बच्चों की लिस्ट शाला त्यागी बच्चों के रूप में षिक्षकों को हर हफ्ते दी जा रही है कि ये शाला त्यागी बच्चे है और इनकी जानकारी देनी है कि ये कहां गये या फिर पढ़ रहे हैं या नहीं। जब षिक्षक इन बच्चों का पता लगाते है तो इनका प्रायवेट स्कूलों में दर्ज होना बताया जाता है और जब प्रायवेट स्कूलों में पता लगाओं तो पता चलता है कि इन स्कूलों में ये बच्चे दर्ज हैं परंतु ये बच्चे अपनी फीस जमा नहीं कर पाये इसलिए प्रायवेट स्कूलों द्वारा बच्चो को मैप नहीं किया गया जिस वजह से वे पोर्टल में नहीं दिख रहे ऐसे बच्चों को जबरन मे शाला त्यागी का नाम देकर शासकीय षिक्षकों को लिस्ट थमा दी गयी है। जिस वजह से ये षिक्षक दर दर भटकने मजबूर हैं। जबकि वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा सीधे प्रायवेट स्कूलों को नोटिस जारी करना चाहिए कि फीस का मामला उनका पर्सनल मामला है फीस जमा हो या नहीं यदि बच्चे का नाम स्कूल में दर्ज है तो उन्हे मैप करने की जिम्मेदारी प्रायवेट स्कूलों की बनती है। यदी वे मैंप नहीं करते तो उन पर कार्यवाही होनी चाहिए। यदि बच्चा उनके स्कूल से निकाल दिया गया है या फिर वह किसी कारणवस शाला छोड़ दिया है तो उसे स्कूलों से अनमैप कर दिया जाना चाहिए तब उनकी गिनती शाला त्यागी बच्चों में होगी।

## एक्सीडेंट से दो पैरों की हड्डियां 5 टुकड़ों में बंट गई

# रॉड-स्क्रू वाले पैरों से कूद-फांद करेगा ये लंगूर !

**जबलपुर।** जबलपुर के नानाजी देशमुख पशुचिकित्सालय विवि के चिकित्सकों ने एक लंगूर को नया जीवन दिया है। सड़क हादसे में लंगूर के दोनों पैरों की हड्डियां 5 टुकड़ों में बंट गई थी। लूंगर की जान बचाने के लिए स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ के डॉक्टरों ने इंटरलॉकिंग मेलिंग से लंगूर का ऑपरेशन किया। मध्यप्रदेश में इस तरह का ये पहला ऑपरेशन था। 5 दिन बाद दूसरे पैर का भी ऑपरेशन होगा। एक महीने में ही लंगूर पहले की तरह उछल-कूद करने लगेगा, यह पूरी उम्मीद जताई जा रही है।मध्यप्रदेश में पहली बार जबलपुर वेटरनरी विश्वविद्यालय के डॉक्टरों ने लंगूर का ऑपरेशन इंटरलॉकिंग मेलिंग (हड्डी के अंदर राड डालकर बाहर से स्क्रू कसना) से किया है। इससे पहले जो भी ऑपरेशन हुए, उसमें केवल अंदर से रॉड डाली गई थी। नरसिंहपुर जिले की वन विभाग की टीम को 1 सितंबर को ये मादा लंगूर घायल हालत में मिली थी। 10 साल के इस मादा लंगूर के सड़क हादसे में आगे की बांये पैर की हड्डी दो टुकड़ों में और पीछे का बांये पैर की हड्डी 3 टुकड़ों में टूट गए थे।



**पहली बार एक पैर को ऑपरेशन इंटरलॉकिंग मेलिंग से जोड़ा; दूसरे की सर्जरी 5 दिन बाद**

### महज 6 प्रतिशत था हीमोग्लोबिन

लंगूर के ऑपरेशन के लिए वेटरनरी डॉक्टरों को एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ा। लंगूर की हालात काफी खराब थी। उसका हीमोग्लोबिन 6प्रतिशत ही था, इसे 10.4 प्रतिशत बढ़ाने के लिए डॉक्टरों ने उसे एक सप्ताह तक रोजाना अनार रस, नारियल पानी, केले सहित अन्य फल खिलाए। 8 सितंबर बुधवार को लंगूर के एक पैर का ऑपरेशन हुआ। 4 घंटे चले इस ऑपरेशन में डॉक्टरों ने लंगूर के बांये पैर की टूटी हड्डी को रॉड डालकर स्क्रू से कस दिया है। पांच दिन बाद दूसरे पैर का ऑपरेशन होगा। विवि के स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एण्ड हेल्थ डॉक्टर शोभा जवारे ने बताया कि पहली बार इंटरलॉकिंग मेलिंग से लंगूर के बांये पैर का ऑपरेशन किया गया है। 5 दिन बाद दूसरे पैर का ऑपरेशन किया जाएगा। 20 दिन तक लंगूर डॉक्टरों की निगरानी में रहेगा। करीब एक माह बाद उसे जंगल में छोड़ा जाएगा। यह जहां वह आसानी से ऊछल-कूद कर सकेगा।

### जान बचाना मुश्किल लग रहा था

डॉक्टर शोभा जवारे के मुताबिक हफ्ते भर पहले जब लंगूर को वेटरनरी लाया गया था, तो हालात देखकर लग रहा था कि इसका बचना मुश्किल है। इसके दोनों पैरों की हड्डियां टूट चुकी थी।

# पंचम वेद है श्रीमद्देवी भागवत।

जबलपुर। भूतकाल से लेकर वर्तमान तक दो वृत्तियां आज भी विद्यमान हैं। इनमें पहली देवीय तथा दूसरी आसुरी प्रवत्ति होती है। पहली देवता तथा दूसरी राक्षसी वृत्ति बतायी गई है। उपरोक्त उद्गार बाबा कल्याण दास जी महाराज की अध्यक्षता में माँ वैष्णो देवी सेवा समिति, जबलपुर द्वारा मानस भवन, राईट टाउन में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा महोत्सव के पंचम दिवस व्यासपीठ से परम पूज्य कृष्ण किंकर जी महाराज च्वृन्दावनज्ज ने व्यक्त किया। महाराज जी ने कथा के दौरान अनेक दैत्यों का उदाहरण देते हुए महाबली महिषासुर की बात कही। महिषासुर युद्ध के समय अनेक रूप बदलता था। लेकिन अंत में बलवान असुर दैत्य का देवी ने चक्र से वध किया। चंड एवं मुंड की कथा का वर्णन किया गया। वहीं खर दूषण प्रसंग का भी उल्लेखित करते हुए नीति और अनीति की बात की। महाराज जी ने कथा में आगे बताते हुए कहा कि जब मनुष्यों के मन में ईष्या का विकार हो जाए तो मानिए अच्छी चीज भी कड़वी लगने लगती है।

# श्री बगलामुखी में मनाया गया शंकराचार्य जी का 98 वां जन्म उत्सव

## सनातन धर्म के संरक्षक हैं जगतगुरु . ब्रह्मचारी चैतन्यानंद ।...

**जबलपुर।** श्री बगलामुखी पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर जबलपुर में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी का 98 वा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर मठ में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया प्रात: काल मां भगवती का विशेष श्रृंगार आरती अर्चन तदुपरांत शिव अभिषेक एवं शंकराचार्य जी का पादुका पूजन भक्तों द्वारा किया गया इस अवसर पर ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी द्वारा जगद्गुरु शंकराचार्य जी का संदेश वाचन किया गया । इस अवसर पर ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने कहा कि शंकराचार्य जी हमारे सनातन धर्म के संरक्षक है उन्होंने धर्म के साथ-साथ देश के प्रति भी अपना उत्तरदायित्व निभाया और स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और आज सनातन धर्म के मार्गदर्शक के रुप में हम सभी सनातन धर्मियों का मार्गदर्शन करते हैं, और सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों को देश और समाज के सामने पूर्ण दृढ़ता और निडरता के साथ रखते हैं। इस अवसर पर अधिवक्ता बृजेश दुबे द्वारा भी जगद्गुरु शंकराचार्य जी द्वारा राम जन्मभूमि के प्रकरण को किस तरह उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में तथ्यों के साथ लड़ा इस विषय की जानकारी दी। इस अवसर पर शंकराचार्य शिष्य मंडल के भारत सिंह यादव, वी के पटेल, बृजेश दुबे, मनोज सेन, प्रकाश द्विवेदी, जितेंद्र सिंह, कुमारी वसुंधरा पांडे, गौरी शंकर तिवारी, अखिलेश त्रिपाठी, सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे। भवदीय. मनोज सेन मीडिया प्रभारी



# महासंयोग के बीच घर-घर विराजे भगवान श्री गणेश

**जबलपुर। विघ्न विनाशक प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की दस दिवसीय पूजा अर्चना का महापर्व गणेशोत्सवआज से प्रारंभ हो गया है। अब दस दिनों तक लोग बप्पा की भक्ति में लीन रहेंगे। इस दौरान शहर में चहुंओर गणेशोत्सव की ही धूम रहेगी।शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में पूरे भक्तिभाव से गणेश प्रतिमाओं की स्थापना करते हुए पूजा अर्चना की जा रही है।**

इस बार भाद्र शुक्ल पक्ष में गणेश चतुर्थी अर्थात भगवान गणेश का जन्मदिन आज 10 सितंबर शुक्रवार को है। कहा जाता है कि गणेश जी के नाम लेकर ही प्रत्येक शुभ कार्य का शुभारंभ किया जाता है। ज्योतिषाचार्योंके अनुसार 10 सितंबर को सुबह से रात तक शुभ मुहूर्त में गणेश प्रतिमा की स्थापना की जा सकेगी। शुक्रवार को पड़ रही गणेश चतुर्थी पर अनेक ग्रह अच्छी स्थिति में होंगे। इस दिन बुध ग्रह कन्या राशि में, शुक्र ग्रह तुला में राहु ग्रह वृषभ में शनि ग्रह मकर में केतु ग्रह वृश्चिक राशि में होंगे। यह संयोग व्यापार, नौकरी, शेयर बाजार खेती के लिए शुभदायी माना जा रहा है।ग्रहों और राशि के शुभ संयोग के अलावा इस बार गणेश चतुर्थी पर चित्रा-स्वाति नक्षत्र के साथ रवि योग का संयोग बन रहा है। भगवान गणेश का प्राकट्य भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी की भगवान गणेश की मध्य दोपहर अभिजीत योग में हुआ था, इसलिए गणेश स्थापना, विशेष पूजन पंचामृत स्नान, चंदन, हल्दी, केसर लेपन व आरती का समय यही है, जो इस बार 10 सितंबर गणेश चतुर्थी 12.19 से 1.51 बजे के मध्य है। यह मुहूर्त अति शुभकारी है। गणेशोत्सव पर्व को लेकर शहर में तैयारियां पूरी हो गई हैं। समितियों द्वारा भी पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए साज सजावट की जा रही है। पर बारिश से तैयारियां ढीली पड़ गई हैं। कोरोना संक्रमण के चलते राज्य सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार पिछले साल की तरह इस साल भी विसर्जन चल समारोह पर रोक लगा दी गई है। पर्व को लेकर पिछले करीब एक महीने से दर्जन भर पर शहर और बाहर से आए मूर्तिकारों द्वारा गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गणेश प्रतिमाओं की बिक्री के लिए पिछले साल की तुलना में इस साल ज्यादा दुकानें लगी हैं।





## बाला जी मंदिर में गणेश सहस्त्रार्चन व श्रृंगार

आज से दस दिनों तक बालाजी मंदिर मढाताल में गणेश जी के विभिन्न श्रृंगार किया जायेगें साथ ही शाम 6 बजे से 7 बजे तक गणेश सहस्त्रार्चन किया जायेगा आप सहस्त्रार्चन अभिषेक में शामिल हो सकते हैं साथ ही गणेश जी के विभिन्न श्रृंगार का दर्शन प्राप्त कर सकते हैं

## नगर निगम की व्यापक तैयारियां

गणेश चतुर्थी और अन्य त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त श्री संदीप जी.आर. ने व्यापक तैयारियॉ मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में की है। निगमायुक्त संदीप जी.आर. के प्लानिंग के अनुसार शहर के सभी क्षेत्रों के साथ-साथ समस्त विसर्जन स्थलों और रूट मार्गो पर दुधियॉ रोशनी की सफेद एल.ई.डी. लाईट लगाई जा रही है, जिससे कि त्यौहारों के समय पूरा शहर प्रकाशमय दिखाई दे सके। निगमायुक्त जी.आर. के मार्गदर्शन में प्रतिदिन बड़े पैमाने पर स्ट्रीट लाईट भी लगाई जा रही है, जिसकी निगरानी स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत एवं सहायक आयुक्त श्री संभव अयाची कर रहे हैं।



# यहां पर गणेश जी सुनते हैं अर्जी, होती है मनोकामनाएं पूरी

जबलपुर, यशभारत। भगवान गणेश रिद्धि-सिद्धि के दाता हैं। भक्त श्रद्धापूर्वक और पूर्ण विश्वास के साथ इनसे जो भी मांगता है उसकी मुराद पूरी करते हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण जबलपुर के श्री सिद्ध गणेश मंदिर में देखने को मिलता है। नर्मदा तट पर ग्वारघाटी में स्थित इस मंदिर में भगवान श्री गणेश अपनी पत्नी रिद्धि और सिद्धि के साथ निवास करते हैं।मंदिर के विषय में मान्यता है कि जब इसके निर्माण की तैयारी चल रही थी तब प्रारंभ में मंदिर को भूमि तल से 5-6 फीट ऊपर उठाकर बनाने का निश्चय किया गया। मंदिर निर्माण के लिए जब भूमि की खुदाई प्रारंभ हुई तो 4 फीट नीचे भगवान श्री सिद्ध गणेश की लगभग ढाई फीट उंची प्रतिमा मिली। मंदिर निर्माण के बाद, इसी प्रतिमा को मंदिर में स्थापित किया गया।

## ऐसे होती है मनोकामना पूरी

इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालु अपनी मनोकामना पर्ची पर लिखकर एक नरियल सहित मंदिर में अर्पित कर देते हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा पर्ची पर लिखी मनोकामना को एक रजिस्टर में व्यक्ति के नाम और पते के साथ लिख लिया जाता है। इसके बाद पर्ची और नारियल गणेश जी के सामने रखा जाता है। माना जाता है कि पर्ची पर लिखी मनोकामना गणेश जी पूरी करते हैं। मनोकामना पूरी होने के बाद लोग आकर अपनी मन्नत के अनुसार गणेश जी की विशेष पूजा अर्चना करते हैं।

## 1 लाख 80 हजार अर्जियां अब तक लग चुकी है

श्री सिद्ध गणेश मंदिर के व्यवस्थापक रामानुज तिवारी महाराज ने बताया कि अनेक बाधाओं के बीच इस मंदिर का निर्माण हुआ है। जिसके लिए भगवान से अर्जी लगाई गई थी। तब से यह मंदिर अर्जी वाले गणेश मंदिर के नाम से जाना जाता है। यहां अर्जी लगाने वाले नारियल के साथ आते हैं। अर्जी बकायदा रजिस्टर में दर्ज की जाती है। अब तक एक लाख 80 हजार लोग अर्जी लगा चुके हैं। 60 हजार लोगों की अब तक अर्जियां पूरी हुई हैं।



# कभी तेज, कभी रिमझिम बारिश, मौसम हुआ सुहाना

**जबलपुर,यशभारत।** ब मध्यप्रदेश से लेकर बंगाल की खाड़ी तक बारिश का सिस्टम बना हुआ है। जिसके असर से जबलपुर सहित पूर्वी मध्यप्रदेश में बारिश रिकार्ड की जा रही है। आगामी 24 घंटों में भी जबलपुर सहित आस- पास के जिलों में गरज- चमक के साथ बारिश की संभावना है।बारिश के नए सिस्टम से जबलपुर में भादों के महीने में हो रही कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश से मौसम भी सुहाना हो गया है। वातावरण में ठंडक घुलने से उमस भी कम हो गई है। तीजा में निर्जला व्रत रहने वाली महिलाओं को भी काफी राहत मिल रही है। उमस भरी गर्मी का अहसास कम हो गया है। रात में भी हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। बहरहाल बारिश के चलते अधिकतम तापमान भी गिरावट देखी जा रही है। पिछले दो दिनों में तापमान 4 डिग्री तक गिरकर 28 डिग्री से नीचे आ गया है। न्यूनतम तापमान भी 23 पर आ गया है। बारिश का सिलसिला जारी रहा तो अधिकतम तापमान में गिरावट देखी जा सकेगी। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक बने चक्रवात और कम दबाव के क्षेत्र के कारण बारिश जारी है अब तक 534.4 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जबकि पिछले मानसून सीजन में अभी तक 981.7 बारिश रिकार्ड की गई थी। जबलपुर में 52 इंच तक बारिश होती है। मौसम विभाग के मुताबिक 11 सितंबर तक जबलपुर सहित आस- पास के जिलों में गरज- चमक के साथ ऐसे ही बौछारं पड़ने की संभावना है। को अधिकतम तापमान 28.5 डिसे व आज का न्यूनतम तापमान 23.4 डिसे था। सुबह की आद्रता 96 प्रतिशत रही। मौसम विभाग के मुताबिक मध्यप्रदेश से लेकर बंगाल की खाड़ी तक बारिश का सिस्टम बना हुआ है।वर्तमान में निम्न दाब क्षेत्र के दुर्बल होने के बाद संयुग्मित चक्रवातीय परिसंचरण पूर्वी राजस्थान/ संलग्न पश्चिमी मध्य प्रदेश के क्षेत्रों में सक्रिय है जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। *मॉनसून ट्रफ जैसलमेर, गुना, सतना, अंबिकापुर और पारादीप से होते हुए पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊँचाई तक विस्तृत है। वहीं पूर्वोत्तर अरब से लेकर दक्षिणी गुजरात और दक्षिणी मध्य प्रदेश से होते हुए उत्तरी छत्तीसगढ़-ओड़ीशा तक अन्य *ट्रफ लाइन गुजर रही है। 11 सितम्बर को अगला निम्न दाब क्षेत्र उत्तर-मध्य बंगाल की खाड़ी में विकसित होने की संभावना बनी हुई है। आगामी 24 घंटों में जबलपुर सहित आस- पास के जिलों में गरज- चमक के साथ अच्छी बारिश की संभावना है।



# 15 से पश्चिम मध्य रेलवे से एक और मेमू ट्रेन सेवा की शुरुआत

जबलपुर यश भारत। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। रेलवे बोर्ड द्वारा गाड़ी संख्या 06623/06624 कटनी-बरगवां-कटनी मेमू स्पेशल ट्रेन 15 सितंबर से चलाने का निर्णय लिया गया है। यह मेमू ट्रेन पूरी तरह से अनारक्षित रहेगी। इस गाड़ी की विस्तृत जानकारी निम्न है। गाड़ी संख्या 06623/06624 कटनी-बरगवां-कटनी मेमू स्पेशल ट्रेन (अनारक्षित) - गाड़ी संख्या 06623 कटनी से बरगवां मेमू स्पेशल ट्रेन प्रतिदिन 15.09.2021 से और वापसी में गा?ी संख्या 06624 बरगवां से कटनी मेमू स्पेशल ट्रेन प्रतिदिन 15.09.2021 से चलेगी। इस गाड़ी में 02 ड्राइविंग मोटर कोच एवं 06 ट्रेलर मोटर कोच सहित कुल 08 कोच होंगे। इस मेमू स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों पर ठहराव एवं समय निम्नानुसार रहेगा - *गाड़ी संख्या 06623 कटनी-बरगवां मेमू ट्रेन कटनी स्टेशन से 06ः00 बजे प्रस्थान कर कटंगिखुर्द 06ः28 बजे, लखाखेरा 06ः38 बजे, सलहना 06ः50 बजे, पिपरिया कला 07ः00 बजे, खन्नाबंजारी 07ः20 बजे, महरोइ 07ः30 बजे, दमोय 07ः40 बजे, विजयसोता 08ः03 बजे, बारा 08ः13 बजे, छैतनी 08ः28 बजे, ब्यौहारी 08ः40 बजे, दुबरी कलां 08ः58 बजे, कंचनपुर रोड 09ः13 बजे, जोबा 09ः28 बजे, म?वासग्राम 09ः38 बजे, शंकरपुर भदौरा 09ः48 बजे, निवास रोड 10ः00 बजे, भरसेण्डी 10ः12 बजे, सुरसराईघाट झारा 10ः22 बजे, सरईग्राम 10ः33 बजे, गजरा बहरा 10ः48 बजे, देवराग्राम 11ः23 बजे, मझौली 11ः58 बजे और 12ः20 बजे बरगवां स्टेशन पर पहुँचेगी। *गाड़ी संख्या 06624 बरगवां से कटनी मेमू ट्रेन* बरगवां स्टेशन से 13ः45 बजे प्रस्थान कर मझौली 13ः58 बजे, देवराग्राम 14ः10 बजे, गजरा बहरा 14ः20 बजे, सरईग्राम 14ः33 बजे, सुरसराईघाट झारा 14ः43 बजे, भरसेण्डी 14ः53 बजे, निवास रोड 15ः13 बजे, शंकरपुर भदौरा 15ः28 बजे, म?वासग्राम 15ः40 बजे, जोबा 15ः48 बजे, कंचनपुर रोड 16ः02 बजे, दुबरी कलां 16ः13 बजे, ब्यौहारी 16ः30 बजे, छैतनी 16ः43 बजे, बारा 16ः58 बजे, विजयसोता 17ः12 बजे, दमोय 17ः23 बजे, महरोई 17ः38 बजे, खन्नाबंजारी 17ः58 बजे, पिपरिया कलां 18ः23 बजे, सलहना 18ः38 बजे, लखाखेरा 18ः50 बजे, कटंगिखुर्द 19ः13 बजे और 20ः10 बजे कटनी स्टेशन पर पहुँचेगी।

## 150 साल पहले मुंबई कोलकाता के बीच जबलपुर रेलवे संपर्क से जुड़ा था

# भारतीय रेल में तवा रेलवे ब्रिज और बागरातवा सुरंग को 150 वर्ष पूरे

जबलपुर यश भारत। स्वतंत्रता से पहले, भारत में ईस्ट इंडिया रेलवे और ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलव द्वारा रेलगाड़ी चलाने और रेल लाइन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इन दोनों कंपनियों ने मिलकर 150 वर्ष पहले सन 1870 में मुंबई और कलकत्ता के बीच पहली बार रेल संपर्क के लिए जबलपुर में जोड़ा गया। गौरतलब है कि जबलपुर से इटारसी रेलखण्ड पर नर्मदा नदी की सबसे बड़ी सहायक तवा नदी पड़ती है। इस रेल लाइन पर सबसे पुराना तवा ब्रिज एवं बागरातवा सुरंग ईस्ट इंडियन रेलवे और ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे के सिविल इंजीनियर रॉबर्ट मेटलैंड ब्रेरेटन द्वारा 19 महीने में 08 मार्च 1870 को पूरा किया गया था। इस ऐतिहासिक पुराने पुल को 150 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इस चुनौतीपूर्ण कार्य में नर्मदा घाटी की मिट्टी एवं तवा नदी के रेतीले तल को पार करता है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण कार्य, सुरंग के बाई ओर लगभग 300 मीटर वक्र था। तवा ब्रिज और बागरातवा सुरंग आज भी सोनतलाई और बागरातवा स्टेशनों के बीच ट्रैक के आठ किलोमीटर के हिस्से पर है। यह पमरे के महत्वपूर्ण ब्रिजों में से एक अहम धरोहर के रूप में है। जिसे सन 1927 में रीगर्डर भी किया गया। यह पुल तवा नदी पर तवा बांध से 07 किमी की दूरी पर स्थित हैं। इस पुल में 132 फिट के 02 स्पैन और 202 फिट के 04 स्पैन के नीचे वेब गर्डर है। इसके साथ 05 नग पियर और 02 नग एबटमेंट जो तत्कालीन समय की एशलर महीन चिनाई से बनी है। पुल की ऊँचाई 22 मीटर है। अब इस खण्ड के दोहरीकरण का कार्य भारतीय रेल द्वारा फरवरी 2020 में कमिशन किया गया।वर्तमान समय में पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा तवा नदी पर एक अतिरिक्त नया तवा ब्रिज का निर्माण किया गया है। आज की तारीख में तवा नदी पर अप और डाउन रेल लाइन बनाकर रेलखण्ड की क्षमता में वृद्धि हुई है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा इस पुराने पुल के रखरखाव में विशेष ध्यान दिया जाता है। प्राचीन निर्माण कार्य शैली आज की धरोहर है और हमको गौरवान्ति करती है।



# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षक की भूमिका पर संगोष्ठी आयोजित

जबलपुर । स्वामी विवेकांनद कॅरियर मार्गदर्शन योजनाए शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय द्वारा ष्नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में शिक्षक की भूमिका विषय पर आयोजित संगोष्ठी में अध्यक्षता करते हुये डॉ अरूण शुक्ल संभागीय नोडल अधिकारी स्वामी विवेकांनद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि इस नई शिक्षा नीति में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षक की ही है। क्योंकि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है और इस शिक्षा नीति में नये परिवर्तन हुये है उनको शिक्षक समझ कर छात्रों एवं अभिभावकों को समझाने की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षक की ही है। संगोष्ठी में डॉ नरेन्द्र कोष्टी ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में चाणक्य के वाक्य कि शिक्षक कभी साधारण नही होताए उसकी गोद में प्रलय एवं निर्माण एक साथ पलते है इस वाक्य को उदधृत करते हुये कहा कि विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक ही परिवर्तन ला सकता है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।इस अवसर पर डॉण्दिनेश कुमार मिश्राए प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय बरेलाए डॉण् हेमंतए विधि प्रकोष्ठए डॉण् राजीव मिश्राए डॉ ए सी तिवारी डॉ राजेन्द्र सिंह राजपूत डॉ राजेश सोमकुंवर सभी ने संगोष्ठी में अपने विचार रखे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

**जबलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणए नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रदेश में शनिवार 11 सितंबर को उच्च न्यायालय स्तर से लेकर जिला न्यायालयोंए तालुका न्यायालयोंए श्रम न्यायालयोंए कुटुम्ब न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों एवं बैंकए विद्युतए श्रमए जलकरए संपत्तिकर आदि प्री.लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामले निराकरण हेतु रखे जायेगें। नेशनल लोक अदालत में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में लगभग 1382 खण्डपीठों का गठन किया जाकर लगभग 1 लाख 90 हजार से अधिक लंबित प्रकरणों तथा 2 लाख से अधिक प्री.लिटिगेशन प्रकरणों को लोक अदालत हेतु रैफर्ड किया गया है।

## आईटीआई में रोजगार मेला

जबलपुर। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देशानुसार यशस्वी ग्रुप पीपीपी पार्टनर रोजगार कार्यालय द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं हेतु एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन शासकीय मॉडल आई टी आई में आज किया जा रहा है। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेने हेतु सहमति प्रदान की है।

# राष्ट्र जागरण का मजबूत स्तंभ है पांचजन्य - अखिलेश्वरानंद

**जबलपुर।** गणेश प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर केमतानी ग्रुप द्वारा पांचजन्य के प्रचार-प्रसार का राष्ट्र जागरण का कार्य मध्यप्रदेश गो संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि जी सदस्य बनाकर शुभारम्भ समन्वय सेवा केंद्र में किया। इस अवसर पर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि जी ने कहा कि राष्ट्र जागरण का मजबूत स्तंभ है पांच्यजन्य, प्रत्येक नागरिक को सदस्य बनकर राष्ट्र जागरण के शुभ कार्य मे अपनी आहूति डालनी चाहिए, पत्रिका में ज्वलन्त विषयों पर सारगर्भित लेख हमें प्रत्येक विषय पर तथ्यात्मक जानकारी प्रदान करते है, स्वयं भी अध्यन करके समाज को भी अध्यन के लिए प्रेरित करना हम सबका कर्तव्य है, केमतानी ग्रुप को इस शुभ कार्य हेतु अनेकोनेक साधुवाद। इस अवसर पर केमतानी ग्रुप के महेश केमतानी द्वारा कहा गया कि गुरुजी के आशीर्वाद से समाज और राष्ट्र जागरण के पुनीत कार्य का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ इसके लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाकोशल प्रान्त के प्रचार प्रमुख विनोद जी, सह प्रचार प्रमुख शिव नारायण पटेल, नर्मदा भाग के कार्यवाह अखिलेन्द्र सिंह, राम प्रसाद गुप्ता, दयाराम जी आदि उपस्थित रहे। व केमतानी ग्रुप के तरफ से कपिल गोलछा, दीपक शुक्ला, सुयश जेठवा, रत्नेश तिवारी, जिसमें आभार पांचजन्य प्रभारी सुबोध अग्रवाल ने व्यक्त किया।



# ग्रामीण युवाओं को मिलेगा कौशल विकास प्रशिक्षण

**जबलपुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक गाँव में पाइपलाइन द्वारा जलापूर्ति के लिये नलजल प्रदाय योजनाएँ बनाने का कार्य किया जा रहा है। इन नलजल योजनाओं का संचालन.संधारण ग्राम स्तर पर समुदाय की भागीदारी के साथ ग्रामध्ग्राम पंचायत के अंतर्गत गठित की गयी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा किया जायेगा। संधारण कार्यों के लिए स्थानीय ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। आत्म.निर्भर मध्यप्रदेश की अवधारणा में तकनीकी दक्षता में प्रशिक्षण उपरांत तैयार कुशल मानव संसाधन को रोजगार के पर्याप्त एवं बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। इस प्रकार की गतिविधियों से जल आपूर्ति प्रणालियों का दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करते हुए समुदायों के बीच जिम्मेदारी और उत्तरदायी नेतृत्व विकसित करने में मदद मिलेगी।

**करीब 50 हजार लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तकनीकी कौशल प्रशिक्षण के लिये प्रत्येक ग्राम से चयनित किये गये उपयुक्त व्यक्तियों को मोटरपंप.रिपेयरिंगए प्लम्बरए पम्प.ऑपरेटरए मेसन ;राज मिस्त्रीद्धए फिटर एवं इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में लगभग 50 हजार व्यक्तियों को मध्यप्रदेश राज्य कौशल एवं रोजगार निर्माण बोर्ड ;डच्ैैम्क्ठद्ध के माध्यम से ऑफलाइन प्रशिक्षण दिलाये जाने का प्रस्ताव निष्पादित किया गया है।

## कोरोना वैक्सीनेशन अभियान

# सौ फीसदी पात्र आबादी को पहली डोज लगाने कमर कसी

## नागरिकों से सहभागिता की कलेक्टर ने की अपील



जबलपुर,। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने जिले की सौ फीसदी पात्र आबादी को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगाने के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करने के प्रयासो में नागरिकों एवं समाजसेवी संगठनों से सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है। श्री शर्मा ने कहा है कि हमारे प्रयास जबलपुर जिले के शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को वैक्सीन की पहली डोज लगाने का लक्ष्य आने वाले आठ-दस दिनों में हासिल करने का हैं। इसके लिये प्रशासन ने विशेष रणनीति भी तैयार की है। मतदाता सूची के आधार पर वैक्सीनेशन से छूट गये लोगों की सूची तैयार की गई है और मैदानी अमले द्वारा उनसे घर-घर जाकर संपर्क भी किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि सौ फीसदी वैक्सीनेशन के लिये स्थाई टीकाकरण केन्द्रों की संख्या बढ़ाई गई है ताकि लोगों को वैक्सीनेशन के लिये भटकना न पड़। इसके अलावा बुजुर्ग, बीमार, दिव्यांग और अक्षम व्यक्तियों को घर-घर जाकर वैक्सीन लगाने के लिये शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में मोबाइल वैक्सीन वेन तैनात की गई है। शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश

कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने आज वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों सहित बी.एम.ओ. से संवाद कर जिले के सभी पात्र व्यक्तियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।श्री शर्मा ने वीडियो कांफ्रेसिंग में अधिकारियों से कहा कि मतदाता सूची अनुसार सभी व्यक्तियों को वैक्सीन लगवायें। इसमें विशेष रूप से प्रथम डोज सभी को लगे, इसके लिए माइक्रोप्लान बनाकर युद्ध स्तर पर शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी एसडीएम को हिदायत दी कि स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ राजस्व, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग के पूरे अमले को वैक्सीन के कार्य में लगायें। अभी सात दिनों तक वैक्सीनेशन का एकसूत्रीय कार्यक्रम युद्ध स्तर पर करें और सात दिन बाद फीडबैक दें। कलेक्टर ने कहा कि हाल ही में 18 वर्ष पूरे करने वाले युवाओं के साथ-साथ नवविवाहिता व गर्भवती महिलाओं को भी चिन्हित कर वैक्सीन लगवायें। कोविड से बचने के लिए वैक्सीन आवश्यक है अत: ऐसे लोग जो सुबह से काम के लिए चले जाते हैं और देर शाम आते हैं उनके घरों में सुबह जाकर उन्हें वैक्सीन लगाई जाये। टीका लगाने घर-घर पहुँच रही मोबाइल वेनशहर में 40 से अधिक और जपनद पंचायतों में दस से पन्द्रह मोबाइल वेन तैनातजबलपुर,। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत शत प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को पहली डोज लगाने के लक्ष्य को हासिल करने बनाई गई रणनीति के तहत जिला प्रशासन द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में मोबाइल वेन की संख्या पूर्व की अपेक्षा दो से तीन गुनी कर दी गई है। शहरी क्षेत्र में ये मोबाइल वेन दिव्यांग, बुजुर्ग, बीमार और चलने फिरने में अक्षम लोगों के घर-घर पहुंच रही हैं तथा इनमें तैनात वैक्सीनेशन टीम उन्हें कोरोना की वैक्सीन लगा रही है।

# मुस्लिम महिलाओं ने दिखाया कोरोना का टीका लगवाने उत्साह

जबलपुर । कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत नया मोहल्ला क्षेत्र में मोबाइल वैक्सीन वेन से मुस्लिम समुदाय के बजुर्गों एवं महिलाओं को घर-घर जाकर कोरोना का टीका लगाया गया। दोपहर में जब पानी गिरने लगा तब क्षेत्रीय नागरिकों को हसनी हुसैनी सोसायटी कार्यालय में वैक्सीन लगाई गई। जहां मुस्लिम महिलाओं में वैक्सीन लगाने जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। कोरोना का टीका लगाने के इस अभियान में पूर्व पार्षद शगुफ्ता उस्मानी, गुड्डू नबी, शकील नेता, मतीन खान, मुबिन खान, हसनी हुसैनी सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद सोहेल खान मोनू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अफसाना खान, जकिया खान, राजस्व निरीक्षक उमाशंकर सोनी, टीकाकरण की टीम एवं क्षेत्रवासियों का सक्रिय सहयोग रहा।

**टीसी गुमी**

मैं प्रियंका वर्मा यह घोषणा करती हूं कि मेरी मूल स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टीसी) विजय नगर से प्रेमवती कॉलेज जाते वक्त कहीं गुम हो गई है। जो कि आज दिनांक तक अप्राप्त है। जिस किसी भी सज्जन को मेरी टीसी मिले कृप्या करके संपर्क करें।

मो. 7773088460
7999553904

**मार्कशीट गुमी**

मैं राज तिवारी पिता विजयराज तिवारी यह घोषणा करता हूं कि मेरी कक्षा 10वीं (सीबीएसई) की मूल अंकसूची जिसका अनुक्रमांक 1281962 है। वह जबलपुर दीनदयाल बस स्टैंड के समीप गुम हो गई है जो कि आज दिनांक तक अप्राप्त है। कृप्या जिस किसी सज्जन को मिली तो संपर्क करें।

पता: ग्राम चरगवां तहसील बहोरीबंद, जिला कटनी
मो. 8109887460

**आम सूचना**

मैं संतोष यादव पिता हीरालाल यादव पता शास्त्रीनगर अम्बिका विहार जबलपुर का निवासी हूं। मेरे पिता जी की जमीन खसरा नं 148/2 (एस) है जो कि तहसील पाटन में स्थित है एवं मकान ख नं 742/6 रकवा 742 एस एरिया 1200 वर्गफुट डबल स्टोरी है जो कि शास्त्री नगर जबलपुर में स्थित है एवं ग्राम टिमरी मौजा बिनैकी प्लाट एरिया 1273 पाटन रोड नेशनल आईवे पर आगासौद में स्थित है। उक्त सम्पत्ति को हीरालाल पिता स्व गेंदलाल के नाम से है। हीरालाल उक्त सम्पत्ति को बेचना चाहते हैं लेकिन समस्त परिवार के लोग उक्त सम्पत्ति को बेचने से इंकार कर रहे हैं क्योंकि उक्त सम्पत्ति पर हम सभी भाईयों का अधिकार है।

अतः महोदय जी से प्रार्थना है कि मेरे परिवार के सभी सदस्य चाहते हैं कि उक्त सम्पत्ति न कहीं विक्रय किया जाये न ही कहीं बंधक रखी जाये, न ही गिरवी जाये इस पर रोक लगाने की कृपा करें।

प्रार्थी
संतोष यादव
मो नं 9752276001

# अब मध्यप्रदेश में भी जल्द लागू होगा गैंगस्टर एक्ट




**भोपाल ।** प्रदेश में अपराधियों पर अंकुश के लिए उत्तर प्रदेश की तर्ज पर गैंगस्टर एक्ट जल्द लाया जाए। मप्र में अपराधयों में पुलिस का खौफ होना चाहिए। अपराधी चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा न जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को मंत्रालय में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों को दिए। इस पर अधिकारियों ने जानकारी दी कि मप्र में गैंगस्टर एक्ट के लिए उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के प्रविधानों का अध्ययन करवाया । रहा है। विधि विशेषज्ञों से भी चर्चा की जा रही है। जल्द ही मप्र का गैंगस्टर एक्ट तैयार कर लागू किया जाएगा। प्रदेश में पिछले दिनों आदिवासी वर्ग के लोगों से मारपीट सहित अन्य अपराधिक घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति के मामलों में पुलिस संवेदनशीलता दिखाए।बैठक में मुख्यमंत्री ने खरगोन, नीमच सहित अन्य जिलों में हुई घटनाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने सभी प्रमुख घटनाओं का ब्योरा दिया और कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था ऐसी हो कि समाज के सभी वर्ग अपने को सुरक्षित महसूस करें और अपराधियों में खौफ होना चाहिए। अनुसूचित जाति-जनजाति के मामलों में पुलिस संवेदनशीलता दिखाए। सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जांच हो और कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस विभिन्न वर्गों के बीच अपनी पैठ बढ़ाए और लगातार संवाद भी करे।

### इंटरनेट मीडिया पर भी रखें नजर

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इंटरनेट मीडिया पर भी नजर रखी जाए। त्योहारों के मौके पर विशेष सतर्कता बरती जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह डा. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।




# 15 सितंबर से 50 फीसद क्षमता के साथ शुरू होंगे कालेज

**भोपाल ।** प्रदेश भर में उच्च शिक्षा विभाग के कालेजों में आफलाइन कक्षाएं 15 सितंबर से शुरू होने जा रही हैं। हर दिन आधे छात्रों को ही बुलाया जाएगा। उधा शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने बताया कि महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा विद्यार्थियों को कोविड 19 प्रथम डोज टीकाकरण का प्रमाण-पत्र जमा कराना अनिवार्य होगा। मंत्री ने विद्यार्थी संख्या अधिक होने की स्थिति में प्रत्येक स्तर पर कोरोना के सुरक्षा मानकों के आधार पर अलग-अलग समूह बनाकर प्रायोगिक एवं शैक्षणिक कार्य करने को कहा है। इस संबंध में उपलब्ध संसाधनों के आधार संस्था प्रमुख निर्णय लेंगे। डा. यादव ने शिक्षण संस्थाओं द्वारा आफलाइन एवं आनलाइन कक्षाओं के लिए अलग-अलग समय-सारणी बनाए जाने निर्देश दिए हैं। पुस्तकालय भी 15 सितंबर से शुरू कर दिए जाएंगे। पुस्तकालय अध्ययन कक्ष में 50 प्रतिशत क्षमता के साथ उपस्थिति होगी। इसके अलावा छात्रावास और मेस भी शुरू कर दिए जाएंगे। डा. यादव ने कहा कि कटेन्मेंट जोन से आने वाले विद्यार्थी और स्टाफ का संस्था में प्रवेश वर्जित रहेगा। विद्यार्थी एवं स्टाफ आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करें। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा अपने स्टॉफ एवं विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं कोविड-19 संबंधी समस्याओं के विषय में जागरूक किया जाना चाहिए। कोविड-19 के संक्रमण के बचाव के लिए उनका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं लक्षण पाए जाने पर चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि संक्रमित व्यक्ति के लिए आइसोलेशन एवं क्वारंटीन सुविधा की व्यवस्था छात्रावास में पृथक रूप से किया जाए अथवा शासकीय अस्पताल में इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संस्था प्रमुख द्वारा वैक्सीनेशन के संबंध में शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टॉफ एवं विद्यार्थियों की कक्षावार जानकारी संग्रहीत कर अग्रणी महाविद्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। विश्वविद्यालय स्तर पर कुल सचिव तथा महाविद्यालय स्तर पर संबंधित क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक द्वारा निरंतर मानीटरिंग की जायेगी और इसका प्रतिवेदन प्रत्येक सोमवार प्रेषित किया जायेगा।

# नीला आलू, भिंडी लाल... किसान कर रहे कमाल



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के प्रगतिशील किसान अपने खेतों में रंग-बिरंगी सब्जियां उगाने का कमाल कर रहे हैं। इनमें नीला आलू, लाल भिंडी व मूली, बैंगनी गोभी, रंग-बिरंगी शिमला मिर्च व अमरूद तक शामिल हैं। पारंपरिक रंग से अलग और सुंदर दिखने वाली ये सब्जियां सामान्य से अधिक दाम में बिकने के कारण किसानों को मुनाफा भी दे रही हैं और नवाचार करने का आनंद भी।भोपाल के खजूरीकलां निवासी प्रयोगधर्मी किसान मिश्रीलाल राजपूत उप्र के बनारस स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान से दिसंबर-2020 में लाल भिंडी (काशी लालिमा) के बीज लाए हैं। अब वे जल्द ही बाजार में बड़े पैमाने पर लाल भिंडी उतारेंगे। लाल भिंडी की इस किस्म पर कीट का प्रकोप न के बराबर होता है। साथ ही यह रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग के मरीजों के लिए भी लाभदायी है।इसमें मौजूद आयरन, कैल्शियम और एंटीआक्सीडेंट इसे हृदय के लिए व फालिक एसिड बधों के मानसिक विकास में रामबाण है। खेती में अनूठे प्रयोगों के लिए मध्य प्रदेश कृषि भूषण पुरस्कार पा चुके राजपूत औषधीय खेती व रंगीन सब्जी के अपने अनुभव के आधार पर बताते हैं कि औषधीय गुणों से भरपूर लाल भिंडी सामान्य से अधिक दाम पर बिकेगी और मुनाफा देगी। इसी तरह मालवा-निमाड़ क्षेत्र में धार जिले के ग्राम चालनी में मोहन राठौर ने 20 बीघा में रंगीन अमरूद के छह हजार पौधे लगाए। बिना बीज वाले ये अमरूद रंग-बिरंगे होते हैं। इसी तरह झाबुआ जिले के कुछ किसानों ने रंग-बिरंगी मिर्ची व शिमला मिर्ची लगाई है। कुछ किसान पीला तरबूज भी उगा चुके हैं।

रंगीन सब्जियों में कैरोटीन होते हैं, जो इन्हें ज्यादा पोषक बनाते हैं। इनमें शरीर के विषैले तत्वों को बाहर निकालने की क्षमता होती है। ये शरीर में जमा फ्री रेडिकल्स को अवशोषित कर आक्सीजन का प्रवाह सुचारू बनाती हैं व हीमोग्लोबिन बढ़ाती हैं।

### 66 हजार का शुद्ध मुनाफा

श्योपुर जिले के आवदा गांव के किसान जयदीप सिंह तोमर ने इस गर्मी में एक बीघा में लाल भिंडी की 15 क्विंटल पैदावार ली और पूरी गर्मी के सीजन में समीपस्थ राजस्थान के सवाई माधौपुर, कोटा, जयपुर तक सप्लाई की। भाव 50 रुपये किलो तक मिला और कुल 75 हजार रुपये की आय हुई।नौ हजार लागत काटने के बाद 66 हजार रुपये शुद्ध लाभ हुआ। जबकि एक बीघा में ही हरी भिंडी उगाते तो शुद्ध लाभ महज 25 से 30 हजार होता। इसी तरह, चंबल क्षेत्र के सबलगढ़ के युवा किसान देवाशीष सरकार ने जिस खेत में रबी सीजन में काला गेहूं और चना बोया, उसी में गर्मी में लाल भिंडी की पैदावार ली। अब वे बैंगनी पत्तागोभी व लाल-पीली शिमला मिर्च उगा रहे हैं।




# साफ्टवेयर पकड़ेगा सहकारी बैंकों की गड़बड़ी, आडिट प्रक्रिया होगी सख्त

**भोपाल ।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक और उससे जुड़ी शाखाओं में होने वाली गड़बड़ियों को पकड़ने के लिए अब सहकारिता विभाग तकनीक का सहारा लेगा। विभाग ऐसा साफ्टवेयर तैयार करवा रहा है, जिसकेमाध्यम से यहां होने वाले वित्तीय लेन-देन पर नजर रखी जाएगी। साथ ही आडिट व्यवस्था को भी सख्त बनाया जा सकेगा।पिछले कुछ समय में प्रदेश के सरकारी बैंकों में गड़बड़ियां सामने आई हैं। इन्हें रोकने के लिए सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ने अधिकारियों को व्यवस्था में परिवर्तन करने के निर्देश दिए थे। इसके मद्देनजर विभाग ने साफ्टवेयर के माध्यम से गड़बड़ियों पर रोक लगाने का निर्णय लिया है।साफ्टवेयर अपेक्स बैंक में लगाया जाएगा और उससे सभी सहकारी बैंक व उनकी शाखाओं को आनलाइन जोड़ा जाएगा। इनमें जो भी वित्तीय लेन-देन होगा, उस पर अपेक्स बैंक के स्तर से नजर रखी जा सकेगी। इससे यह भी पता लगेगा कि किन खातों में बड़ी राशि का लेनदेन हो रहा है। साथ ही आडिट की व्यवस्था में भी बदलाव किया जा रहा है। अब सालाना की जगह वर्ष में दो-तीन बार आडिट होगा।

# ग्रामीण युवाओं को मिलेगा कौशल विकास प्रशिक्षण



भोपाल। जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक गांव में पाइपलाइन द्वारा जलापूर्ति के लिये नलजल प्रदाय योजनाएं बनाने का कार्य किया जा रहा है। इन नलजल योजनाओं का संचालन-संधारण ग्राम स्तर पर समुदाय की भागीदारी के साथ ग्राम/ग्राम पंचायत के अंतर्गत गठित की गयी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा किया जायेगा। संधारण कार्यों के लिए स्थानीय ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश की अवधारणा में तकनीकी दक्षता में प्रशिक्षण उपरांत तैयार कुशल मानव संसाधन को रोजगार के पर्याप्त एवं बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। इस प्रकार की गतिविधियों से जल आपूर्ति प्रणालियों का दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करते हुए समुदायों के बीच जिम्मेदारी और उत्तरदायी नेतृत्व विकसित करने में मदद मिलेगी।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा तकनीकी कौशल प्रशिक्षण के लिये प्रत्येक ग्राम से चयनित किये गये उपयुक्त व्यक्तियों को मोटरपंप-रिपेयरिंग, प्लम्बर, पम्प-ऑपरेटर, मेसन (राज मिस्त्री), फिटर एवं इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में लगभग 50 हजार व्यक्तियों को मध्यप्रदेश राज्य कौशल एवं रोजगार निर्माण बोर्ड के माध्यम से ऑफलाइन प्रशिक्षण दिलाये जाने का प्रस्ताव निष्पादित किया गया है।प्रशिक्षण व्यय जल जीवन मिशन के अंतर्गत सपोर्ट एक्टिविटी मद में भारित किया जायेगा, जिसमें केन्द्रांश एवं राज्यांश का अनुपात 60-40 होगा। इस योजना की लागत 17.12 करोड़ रूपये है। प्रत्येक प्रशिक्षण-सत्र की अवधि तीन दिवस होगी। प्रशिक्षण-सत्र के उपरांत चौथे दिवस में प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन किया जायेगा तथा उन्हें प्रमाण-पत्र वितरित किये जायेंगे।जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक गांव में हर घर को नल से जल की सुविधा देने का कार्य किया जा रहा है, जो 2023 तक पूरा किया जाना है। प्रत्येक गाँव में पेयजल आधारित अधोसंरचना का निर्माण करने तथा नल योजना पूर्ण होने के बाद उसके रखरखाव एवं मरम्मत कार्य की सुविधा होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित मानव संसाधन/तकनीशियन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थानीय मानव संसाधन को प्रशिक्षित किये जाने का प्रावधान किया गया है।

# बैरागढ़ में स्कूली बच्चों ने बनाईं इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं




भोपाल। प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) की प्रतिमाओं पर रोक लगने के बावजूद बाजार में ऐसी प्रतिमाएं बिकती नजर आती हैं। लेकिन बैरागढ़ के स्कूली बच्चों ने इस बार गणेशोत्सव पर मिट्टी की प्रतिमाएं स्थापित करने का संकल्प लिया है। सुधार सभा ने मिट्टी की प्रतिमाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिमा बनाओ स्पर्धा का आयोजन किया। स्पर्धा में साधु वासवानी स्कूल एवं जेठी टी सिपाही मलानी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने घर पर ही मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाईं। ये प्रतिमाएं लेकर छात्र स्कूल पहुंचे। यहां इन प्रतिमाओं की प्रदर्शनी लगाई गई। वरिष्ठ शिक्षाविद् विष्णु गेहाणी, प्राचार्य आनंद वर्मा, दीपा आहूजा एवं स्वाति कलवानी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उत्कृष्ट प्रतिमाएं बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। गेहाणी ने इस मौके पर कहा कि पर्यावरण शुद्धि की दृष्टि से मिट्टी की प्रतिमाएं स्थापित की जानी चाहिए। बच्चों ने ऐसी प्रतिमाओं का निर्माण अनुकरणीय मिसाल पेश की है। केमिकल वाली मूर्तियों के विसर्जन से प्रदूषण फैलता है। सभी को पर्यावरण का ध्यान रखना चाहिए।

### यही प्रतिमाएं स्थपित की जाएंगी

बच्चों ने जो प्रतिमाएं बनाई हैं, वही प्रतिमाएं अब घरों में आज विधि-विधान के साथ स्थापित की जाएंगी। प्रदर्शनी के बाद प्रतिमाएं बच्चे अपने घर वापस ले गए। बच्चों ने सुधार सभा की पहल पर प्रसन्?नता व्यक्त की। प्रतिमा बनाकर स्कूल पहुंचे लोकेश ने कहा कि गणेश प्रतिमा बनाते समय खुशी महसूस हो रही थी। पहली बार हम बाजार से प्रतिमा नहीं खरीदेंगे। घर पर बनी मूर्ति की ही स्थापना की जाएगी। करीब दो दर्जन बच्चों ने मिट्टी के गणेश बनाए हैं।

# सूदखोरों से परेशान होकर की थी युवक ने खुदकुशी, महिला सहित दो गिरफ्तार



**भोपाल।** राजधानी के हनुमानगंज थाना इलाके में रहने वाले एक युवक ने 11 माह पहले जहर खाकर खदकुशी कर ली थी। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला था। उसमें सूदखोरों द्वारा उसे प्रताड़ित करने का जिक्र था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने एक महिला सहित दो लोगों के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज करते हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक न्यू कबाड़खाना निवासी रिंकू उर्फ चंदन खटीक सट्टा खेलने का आदी थी। उसके खिलाफ थाने में कुछ आपराधिक मामले भी दर्ज थे। 30 सितंबर 2020 को रिंकू ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला था। उसमें लिखा था कि उसने सरजू बाई और जसपाल सिंह चावला पाली सरदार से कुछ रुपये उधार लिए थे। वह सूद समेत पूरी रकम दे चुका था, लेकिन उस पर लगातार ब्याज की राशि देने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। इस वजह से परेशान होकर उसने खुदकुशी की। रिंकू के परिवार के लोगों ने भी सूदखोरों द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपितों को खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।

### बेटा दोहरे हत्याकांड में जेल में है

आरोपित सरजू बाई साहू (70) कुख्यात बदमाश बंटी साहू की मां है। बंटी राजधानी के चांदबड़ इलाके में हुए बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड के मामले में जेल में है। आरोपित जसपालसिंह चावला पाली सरदार क्रिकेट पर सट्टा खिलाने के मामले में पूर्व में गिरफ्तार हो चुका है।

# वीआइपी रोड पर तालाब में मिला युवक का शव

**भोपाल ।** वीआइपी रोड पर बड़े तालाब में करबला घाट के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के पेंट की जेब में मिले आधार कार्ड और ड्रायविंग लायसेंस से उसकी पहचान काजी कैंप निवासी 30 वर्षीय नौशाद के रूप में हुई। उसकी नीलबड़ में चिकन की दुकान है। वह भाई अमन के साथ दुकान चलाता था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि नौशाद ने खुदकुशी की है, या फिर वह हादसे का शिकार हुआ।कोहेफिजा थाने के एसआइ रमेश मिश्रा ने बताया कि गुरुवार सुबह करबला घाट में मजार के पास तालाब में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। गोताखोर शेख आसिफ, जीवन और गोपाल की मदद से शव को पानी के बाहर निकालकर तलाशी ली गई। जेब में मिले आधार कार्ड में लिखे पते से मृतक की पहचान काजी कैंप निवासी नौशाद कुरैशी पुत्र नूरउद्दीन के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे अमन कुरैशी ने मृतक की अपने भाई के रूप में शिनाख्त की। उसने बताया कि नौशाद उसके साथ नीलबड़ में चिकन की दुकान चलाता था। नौशाद की शादी हो चुकी थी। उसकी एक आठ साल की बेटी और एक छह साल का बेटा भी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।उधर, बैरसिया थाना इलाके के वार्ड-एक स्थित मेंगीपुरा में गुरुवार दोपहर करीब एक बजे एक युवक सरकारी कुएं में गिर गया था। आसपास मौजूद लोगों ने उसे किसी तरह कुएं से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहां चेक करने के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मेंगीपुरा निवासी दिनेश पुत्र बालाराम शाक्य के रूप में हुई। अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डेंगू पर लापरवाही पड़ेगी भारी, प्रदेश में रोज मिल रहे औसतन 100 मरीज

**भोपाल ।** इस साल मानूसन सीजन में रुक-रुककर हो रही बारिश की वजह से मच्छर बढ़े हैं। मच?छर बढ़ने के साथ मच?छरजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ा है। यही वजह है कि एक से आठ सितंबर के बीच प्रदेश में डेंगू बुखार के 788 मरीज मिले हैं। यानी रोज औसतन 100 मरीज मिल रहे हैं। सावधानी रखकर इस बीमारी से बच सकते हैं। डेंगू के वायरस से संक्रमित होने के बाद भी 95 फीसद मरीजों में बीमारी साधारण बुखार के बाद पांच से सात दिन में ठीक हो जाती है। डेंगू के चार तरह के वायरस होते हैं। पिछले साल तक हुई जांच में सभी तरह के वायरस प्रदेश में मिलने की पुष्टि हो चुकी है।

# बीमा पॉलिसी का डाटा खरीद क्लेम दिलाने के नाम हो रही धोखाधड़ी

## सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक के बेटे से की छह लाख की धोखाधड़ी, साइबर काइम पुलिस ने दिल्ली से एक आरोपित को किया गिरफ्तार

**भोपाल ।** साइबर क्राइम ने बीमा पालिसी का क्लेम दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह के एक सदस्य को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इस गिरोह में उत्तर प्रदेश और दिल्ली के युवक शामिल हैं। ये मध्य प्रदेश समेत राजस्थान, छत्तीसगढ़ में लोगों को फोन लगाकर अपना शिकार बना रहे थे। ऐसे ही उन्होंने राजधानी के सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक के बेटे के साथ छह लाख रुपये की राशि की धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद साइबर क्राइम पुलिस सक्रिय हुई और गिरोह के एक सदस्य को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ जारी है और उसके चार अन्य साथियों की तलाश शुरू कर दी है। इस गिरोह के सामने आने के बाद उन लोगों को सावधान रहने की जरूरत है, जिन्होंने बीमा पॉलिसियां तो खरीदी, पर उन्हें बीच में बंद कर दिया है। इस गिरोह के लोग ऐसी पॉलिसियों का डाटा खरीदकर काल सेंटर से लोगों को फोन करते थे। जो इनकी बातों में फंस जाता था, उसका खाता खाली कर देते थे। आरोपितों ने दिल्ली के शाहदरा इलाके में टूर एंड ट्रेवल्स की आड में ठगी का काल सेंटर बना रखा था। छह सितंबर को सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक के बेटे ने ठगी की शिकायत की थी। जिसमें बताया था कि निजी बीमा कंपनी की पालिसी का क्लेम दिलाने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति का फोन काल आया था। आरोपित ने उनको बीमा लोकपाल बनकर बात की और 28 लाख रुपये का क्लेम दिलाने की बात कही। फिर पेंडेंसी फार ट्रांसफर, टेम्परेरी जीएसटी नंबर, जीएसटी पेडिंग चार्ज, आरबीआइ चार्ज तथा लीगल डाक्यूमेंट फार्म के चार्ज के रूप में छह लाख 28 रुपये हड़पे। यह रकम उन्होंने अपने खाते में ट्रांसफर करवाई थी। इसके बाद उन्होंने इनका फोन उठाना बंद कर दिया और फोन नंबर भी ब्लाक कर




दिया। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। इसमें सबसे पहले उस मोबाइल नंबर को ट्रेस किया गया, जिससे फोन आया था। इसके बाद जिस खाते में रकम जमा की गई थी, उसका पता लगाया तो पुलिस आरोपित उत्तर-पूर्वी दिल्ली शाहदरा निवासी आरोपित दीपक (28) तक पहुंच गई और उसे पकड़कर भोपाल ले आए। बताया जा रहा है कि इसके गिरोह के तीन लोग पहले बीमा कंपनियों में काम कर चुके हैं। एएसपी अंकित जायसवाल के अनुसार आरोपित उन ऑनलाइन प्रचार-प्रसार कंपनियों से बीमा कंपनियों द्वारा पालिसी का रिन्यूबल डाटा खरीद लेते थे। इसमें उनको पॉलिसीधारक की जानकारी जैसे नाम, पता, मोबाइल नंबर, पालिसी नंबर, कंपनी का नाम, जन्म तारीख आदि मिल जाता था। इस आधार पर आरोपित पालिसीधारकों को काल लगाकर उनसे पालिसी बंद करने का कारण पूछते थे और उनको अपने तरफ से कुछ भी आफर देकर दोबारा पालिसी चालू कराने के नाम पर कई तरह की फीस का झांसा देते थे। फिर उक्त रकम को अपने खाते में जमा करवा लेते थे। वे लोगों को जीएसटी के अफसर, आरबीआइ, और बीमा लोकपाल बताकर बात करते थे, ताकि किसी को शक न हो। जायसवाल ने बताया कि इस गिरोह के निशाने पर हिंदी भाषी राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लोग रहते थे। इन आरोपितों के घर के दिल्ली, उत्तर प्रदेश के नोयडा, गाजियाबाद आदि शहरों में हैं। आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना भी बदलते रहे हैं।

### घर घर में रात भर चले भजन कीर्तन


# निर्जला व्रत रखकर की अखण्ड सौभाग्य की कामना

**सिहोरा।** विवाहित महिलाओं द्वारा अखण्डसौभाग्य एवं आविवाहित युवतियों ने मनोवांछित वर पाने की कामना को लेकर गुरू वार को हरतालिका तीज का निर्जलावृत रखकर श्रृद्धा भक्ति भाव के साथ भगवान शंकर माता पार्वती का पूजन किया तथा रात में भजन कीर्तन कर रतजगा किया। वृत रखी महिलाओं, कुँवारी कन्याओं ने दिन भर उपवास रखकर शाम को शंकर पार्वती की मूर्ती बनाकर घर में फुलहरा बांधकर तथा थाल में गुझिया, पपडी,फल सहित अन्य पकवान एवं पूजन सामग्री सजाकर पूर्ण विधि विधान से मातागौरी, शंकर जी का पूजन धूप दीप फूलों से करके कथा सुनी और बड़ों से आशीर्वाद प्राप्त किया दूसरे दिन शुक्रवार को भोर होते ही पवित्र जलाशय में शंकर पार्वती की प्रतिमा तथा फुलहरा का विसर्जन कर उपवास पूर्ण किया।



## आज घर घर में बिराजेगे विघ्नहर्ता

सिहोरा। भोलेनाथ और माता पार्वती के पुत्र भगवान गणेश की भक्ति उपासना का दस दिवसीय गणेशोत्सव पर्व आज से प्रारम्भ हो रहा है पर इस बार कोरोना संक्रमण के कारण एवं प्रशासन के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के चलते ही पंडाल में छोटी प्रतिमा स्थापित की जाएंगी जिसके चलते मूर्तिकारो ने बडी गणेश प्रतिमाओं की जगह छोटी प्रतिमाओं का ही निर्माण किया है जिनकी आज घर घर में स्थापना की जाएगी और दस दिनों तक भक्तों द्वारा पूजा अर्चना करके आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा के। भक्तों द्वारा छोटी से छोटी प्रतिभाओं की मांग ज्यादा है मूर्तिकार ने बताया कि लगातार दूसरे वर्ष भी बड़ी प्रतिमाओं की स्थापना न होने के कारण उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। छोटी प्रतिमा तैयार करने में आने वाला खर्च दुगना तिगुना हो गया है उनकी समझ में नही आ रहा की इस तरह से आखिर वो अपना भरण पोषण कैसे करे ।





# विकास के नाम पर पेड़ों की जड़ों में भर दिया सीमेंट-कांक्रीट

### सैकड़ों साल पुराने बरगद के पेड को काट दिया

**सिहोरा।** भाजपा सरकार के दौर में शहर का जहां एक ओर खूब विकास हुआ तो वहीं विकास के नाम पर सदियों पुराने वृक्षों का खुलेआम कत्लेआम भी किया गया। सड़कों के किनारे, फुटपाथों पर जहां जरूरत ही नहीं थी वहां भी सीमेंट-कंक्रीट कर अच्छी भली जमीन को पाट दिया गया। इसके चलते इन जगहों के पुराने और विशालकाय पेड़ों की जड़ों तक को ढक दिया गया। नतीजतन इसमें तो पानी जा सकता है और ना ही हवा। जो पेड़ हमारे लिए आक्सीजन देते हैं हमने उन्हीं का दम घोटने में कसर नहीं छोड़ी। जिसके चलते पुराने बस स्टैंड में महुआ के पेड़ों की पूरी कतार सूख गई। ताजा मामला मृगनयनी भवन के पीछे बनने वाले समुदायिक भवन के निर्माण हेतु सदियों पुराने बरगद के पेड़ का कत्लेआम जारी है।

#### इन जगहों पर ढंक दी जड़ें

पुराने बस स्टैंड सिहोरा के अनेक महुआ के पेड़ों के अलावा खितौला बस स्टैंड स्थित सैकड़ों साल पुराने पीपल के पेड़ की जड़ों पर सीमेंटेड चबूतरा बना दिया गया है। हालांकि कुछ पर्यावरण प्रेमियों द्वारा विरोध करने पर जड़ों के किनारे थोड़ी सी जमीन कच्ची की गई लेकिन उससे बारिश का पानी जड़ों में जा ही नहीं सकता।

#### क्या कहता है नियम

जानकारों का मानना है कि सड़क की जद में आने वाले पेड़ों के चारों तरफ कम से कम एक मीटर व्यास खाली जगह छोड़ी जानी चाहिए। ऐसा करने से बारिश का पानी जड़ों को मिलता रहता है और हवा भी पहुंचती रहती है। साथ ही वृक्ष को काटने की विधिवत अनुमति लेने के साथ-साथ उतने नए वृक्ष रोपित किए जाना चाहिए कंस्ट्रक्शन के चलते पेड़ों



की जड़ें जमीन से बाहर जाती हैं तो उनको मिट्टी से ढंका जाये। लेकिन यहां तो लगभग 10 फुट से अधिक गहरी पहाड़ी की मुरूम खोद कर लाखों रुपए की फाग खेल ली गई। जगह-जगह पौधे लगा कर पर्यावरण प्रेमी भविष्य को संभालने में लगे हुए वही नगर की पालक संस्था नगर पालिका द्वारा अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के जद में लगे विशालकाय सदियों पुराने बरगद के वृक्ष का कत्ल करने का फरमान जारी कर दिया गया स्थानीय लोगों की मानें तो बरगद का विशाल वृक्ष 200 वर्ष से भी अधिक पुराना बताया जा रहा है


#### इनका कहना है

सामुदायिक भवन के निर्माण में बाधक बन रहे बरगद के पेड़ को कटवा कर लकड़ी गैरेज में सुरक्षित जमा की जा रही है।

**जयश्री चौहान**
**मुख्य नगरपालिका**
**अधिकारी सिहोरा**

## स्थानांतरण पर प्राचार्य तिवारी को दी भावभीनी विदाई

**सिहोरा।** शासकीय लालचंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य मुकेश तिवारी का स्थानांतरण शासकीय पंडित लज्जा शंकर झा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबलपुर होने पर संकुल परिवार की सभी सदस्यों द्वारा भावभीनी विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर में विकास खंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय, बीआरसी पी एल रैदास एवं संकुल परिवार की सभी सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम में प्राचार्य को साल श्रीफल अभिनंदन पत्र स्मृति चिन्ह से संकुल के सहयोगीयों द्वारा सम्मानित किया गया प्राचार्य के उत्कृष्ट कार्यों का लेखा-जोखा प्रभारी प्राचार्य राजेश पटेल ने पटल पर रखा कार्यक्रम का सफल संचालन एस के प्यासी ने किया अभिनंदन पत्र का वाचन जीएस झारिया एवं श्रीमती निधि दुबे द्वारा बीईओ एवं अरविंद विश्वकर्मा ने गीत के माध्यम से सम्मान व्यक्त किया गया।



### जिनालयों में लगी भक्तों की कतार

## पर्यूषण महापर्व का शुभारंभ

पाटन, श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पाटन में जैन समाज के लोगों ने मंगलवार को आस्था भाव से पर्युषण पर्व का स्वागत किया। पर्यूषण महापर्व के प्रारंभ में प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म की साधना की गई सूर्योदय होते ही श्रावक जिनालयों में सापरिवार पहुंचने लगे। पुरुष श्रावकों ने शांतिधारा अभिषेक पूजन और मातृशक्ति ने पूजन किया पर्यूषण पर्व का शुभारंभ होते ही दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में भक्ति की धारा प्रवाहित होने लगी। अध्यक्ष बाल चंद जैन ने बताया कि सुबह से मंदिर जी में भक्तों के द्वारा पूजन अभिषेक, शांतिधारा एवं शाम को सांगानेर से पधारे वाणी भूषण पंडित जय कुमार जी के प्रवचन एवं आरती व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कोनी जी शाखा महिला परिषद पाटन एवं जैन नवयुवक सभा पाटन के तत्वाधान में आयोजित हो रहे हैं

## महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ हरतालिका तीज मनाया

धनपुरी। हरतालिका तीज में महिलाओं ने पारंपरिक उत्साह व श्रद्धा भाव के साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरितालिका तीज बड़े उत्साह के साथ महिलाएं के द्वारा मनाया दिन शुक्रवार 9 सितम्वर रात्रि से ही सुहागिन महिलाओं ने साज श्रृंगार किया दोपहर को कई महिलाओं व युक्तियां ने एकत्र होकर भगवान शिव पार्वती व श्री गणेश का पूजन किया भगवान शिव शंकर पार्वती के लिए घरों में तरह तरह के फूलों तथा विभिन्न सामग्री व बांस की कमाती से फुलेरा तैयार कर बांधा गया तथा उसी सजाया गया तथा पटे में माता पार्वती और भगवान भोलेनाथ की मिट्टी की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधानपूर्वक रात्रि जागरण कर भजन कीर्तन सामूहिक रुप से महिलाएं द्वारा किया। तीज के व्रत में जहां सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए 36 घंटे से अधिक निर्जला रहकर व्रत रखा वहीं कुंवारी कन्याओं में सुंदर व सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए पूजन किया और व्रत भी रखा। सूर्योदय के पूर्व महिलाओं ने स्नान के बाद शिव मंदिरो में पूजन अर्चन किया। दिन भर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम से पूजन का सिलसिला शुरू हुआ। फुलहरा के नीचे बैठकर महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन किया।धूप, दीप, फल, मेवा, मिष्ठान से भगवान शिव की रात्रि के पहर में भी आरती की। रात भर घरों में मंगल गीत चलते रहे। ढोलक की थाप पर महिलाएं रात भर गाती रहीं। जिसकी गूंज सुवह सूर्योदय तक सुनाई दी।गणेश चतुर्थी के एक दिन पूर्व पति की दीर्घायु की कामना के लिए सुहागिन महिलाओं ने हरतालिका तीज पर निर्जला व्रत रखा। दिन भर मंदिरों में दूरिया बनाकर भीड़ लगी रही। इसके साथ ही गोल बाजार राजीव मार्केट आजाद चौक धनपुरी का बाजार गुलाजार रहा। महिलाओं ने व्रत में उपयोग होने वाली पूजन सामग्री खरीदी रात भर महिलाएं एक दूसरे के घर आती-जाती रहीं। दरसल ये महिलाएं व्रत के दौरान होने वाले आयोजनों में शामिल होने के लिए घरों से निकलीं।

## नरेंद्र सेन तहसील अध्यक्ष, अरबिंद पाठक ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत






**पनागर**/मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के योगेन्द्र दुबे,जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय द्वारा नरेंद्र सेन को पनागर तहसील अध्यक्ष,अरविन्द पाठक को पनागर ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है,मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के योगेन्द्र दुबे,जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय,जवाहर केवट, राजेन्द्र खरे,रमाकात पटैल, योगेंद मिश्रा,विश्वदीप पटेरिया, संजय पटेल,दुर्गेश पांडे, घनश्याम अहिरवार, अमृत बालरे, धनेश शुक्ला, मनोज तिवारी , सोनेलाल पटैल,जी पी शुक्ला, हरीश महोबिया ,रवि सिंघई ,ए के गर्ग,ओ पी तिवारी, राजेश बाजपेई, कमलेश व्यास, ने मनोनयन पर बधाइयाँ दी है।

# दुग्ध संघ विवाद को लेकर सी ई ओ पर उठ रहे सवाल

**पाटन।** ग्राम अमरपुर में चालीस वर्षों से संचालित जबलपुर दुग्ध संघ का विवाद थमने का नाम नही ले रहा है पाटन जनपद सी ई ओ अस्वनी पाठक द्वारा की गई कार्यबाही शाखा के सदस्यों को रास नही आई जिसके चलते आज शाखा के सदस्य अंजनी तिवारी शम्भू नारायण शर्मा रमाशंकर गोटिया ने जिला दुग्ध संघ सी ओ दीपक शर्मा से मिल कर अपना पत्र सौंपा पूरे घटना क्रम की जानकारी संघ के अध्यक्ष कमिश्नर साब तक पहुँचाने की बात कही और अधिकारी पर कार्यबाही की मांग ने की सदस्यों का कहना है कि सन 1980 से लगातार विना किसी विवाद के दुग्ध संघ सोसाइटी संचालित कर रहा पर अधिकारी द्वारा बिना किसी नोटिश के समान मशीन सडक पर फेंक देना सही नही है।

पाटन जनपद सी ई ओ अस्वनी पाठक का इस प्रकार का विवाद कोई नया नही है इस से पहले भी एक वर्ष पूर्व पाटन जनपद में पदस्त रोजगार सहायक प्रमोद पटेल की पत्नी पूजा पटेल ने आरोप


कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन
पाटन, दिनांक 30.09.2020

### पहले भी विवादों में रहें अस्वनी पाठक

लगाया था कि साहब के अमानवीय व्यवहार गाली गलौज और पैसों की लगातार मांग के चलते मानसिक तनाव के कारण उन के पति की मृत्यु हो गयी जिसकी निष्पक्ष जांच ले लिए मृतक की पत्नी पूजा पटेल द्वारा जिला कलेक्टर को आवेदन दिया गया था जिस पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर महोदय ने पाटन एस डी एम को जांच के आदेश दिए गए थे।

ग्रामवासियों का कहना है कि सोसाइटी के खरीदी केंद्र तीन दिनों से बंद पडा है जिसके कारण उन्हें मजबूरन डेरी संचालकों के पास ओने पौने दामो में अपना दूध विक्रय हेतु ले जाना पड रहा है क्योंकि केन्द्र की सभी मशीन क्षतिग्रस्त हो गई है उन की मांग है कि जल्द खरीदी केंद्र प्रारंभ किया जाए क्योंकि भवन की चावी सी ई ओ साहब अपने साथ ले गए और बारिश के मौसम में खरीदी केंद्र का खुले में संचालन नही किया जा सकता है।

किसानों के लिए खोली गई दुग्ध संघ की शाखा पर एक अधिकारी द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही ठीक नही है जांच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही होनी चाहिए।

**आनंद मोहन पल्हा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन**



## जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आशीष शुक्ला हुए सम्मानित

**जबलपुर, यशभारत।** कोरोना काल के दौरान शासकीय कार्यों के लिए सबसे ज्यादा वीडियो कान्फ्रेसिंग की आवश्यकता महसूस की गयी जिसके माध्यम से सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन हो सके। ऐसे में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आशीष शुक्ला द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए कोरोना काल के दौरान निर्बाध रूप से तकनीकी सहायता प्रदान की और अनवरत रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संचालित हो रहे प्रशासनिक कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जिसे देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक भगवत सिंह चौहान द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया तथा प्रशंसा पत्र भेंट किया गया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सेक्टर में महिला एवं बाल विकास ने किए कार्यक्रम



शहडोल। महिला एवं बाल विकास की ओर से जिलाकार्यक्रम अधिकारी महोदया के मार्गदर्शन और परियोजना अधिकारी एन एम खान के निर्देशन मे सेक्टर चन्नौडी अंतर्गत क्षेत्र मे पोषण माह अंतर्गत सितंबर 1 से 30 सितंबर तक मुख्य थीम ,कुपोषण छोड पोषण की ओर थामे क्षेत्रीय पोषण की डोर पर आधारित पोषण माह के द्वितीय सप्ताह मे आयोजित हो रहे है योगाभ्यास प्राणायाम के प्रशिक्षण ,दिया गया आंगनबाडी कार्यकर्ताओ को बच्चो गर्भवती महिलाओ को स्वस्थ रहने हेतु योगाभ्यास के प्रशिक्षण ,सेक्टर पर्यवेक्षक चन्नौडी कल्पना शर्मा द्वारा प्रदाय किया गया ,साथ ही साथ ,व्यस्तता भरे जीवन मे योग प्राणायाम आदि के माध्यम से कैसे हम तनावमुक्त आदि से रहित होकर उर्जावान तरीके से योग प्राणायाम के माध्यम से कार्य कर सकते है इसके बारे मे भी जानकारी प्रदाय उपस्थित सभी कार्यकर्ताओ को दिया गया ,साथ ही साथ अपने क्षेत्र मे सभी महिलाओ बच्चो को भी आयोजन कर प्रशिक्षण हेतु निर्देशित किया गया ताकि कुपोषण और बीमारियो को दूर कर सभी को एक स्वस्थ जीवन की प्राप्त हो सके

### भानु जिलाध्यक्ष एवं प्रदीप मंत्री निर्वाचित

शहडोल भारतीय किसान संघ की शहडोल जिला इकाई की कार्यकारिणी का गठन निर्वाचन अधिकारी एवं महाकौशल प्रांत मंत्री होरीलाल जयसवाल की उपस्थिति में संघ कार्यालय में हुए हुए जिसमें भानु प्रताप सिंह को पुनः जिला अध्यक्ष एवं प्रदीप सिंह को जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया जिला उपाध्यक्ष पद पर सुधाकर द्विवेदी रामनाथ सिंह परमार एवं विजय शरण सिंह सचिन कुमार को कार्यालय मंत्री पारस श्रीवास्तव को प्रचार प्रमुख रामखेलावन साहू को जैविक प्रमुख बनाया गया है कार्यकारिणी सदस्यों में प्रेम लाल सिंह अमोल सिंह वीरेंद्र सिंह प्रीतम सिंह मान सिंह पुष्पेंद्र सिंह रमाकांत द्विवेदी निर्वाचित हुए।

## अनमोल खजाना लेकर लौटे श्री श्याम बाबा खाटू जी के प्रेमी

जबलपुर। हारे का सहारा खाटू श्याम अखाड़ा परिषद की अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय श्री श्री 1008 किन्नर महामंडलेश्वर संतोषी मां द्वारा जबलपुर से 32 लोगों का जत्था श्री श्याम बाबा खाटू जी के दर्शनतीर्थ यात्रा 6 सितंबर जबलपुर से राजस्थान गया था। वहां पहुंचकर भक्तों ने श्याम बाबा के दर्शन करके भावपुरा भजन संध्या का आनंद लेते हुए उनसे प्रार्थना की हमारे भारत के जवानों की लंबी आयु हो एवं हमारे भारत के शहीदों के परिवारका कल्याण हो एवं भारत से कोरोनावायरस समाप्त हो, अच्छी वर्षा हो एवं समाज का हर प्रेमी हर परिवार खुशहाल रहे। वही अखाड़ा संस्थापक के आचार्य श्री श्री 1008 अंतर्राष्टीय महामंडलेश्वर गिरधर महाराज जी से बड़े गुरुराघवेंद्र दास महाराज जी से विनती की कि जबलपुर में भी एक आश्रम खाटू वाले श्याम बाबा के नाम से निर्माण होना चाहिए. ताकि श्याम बाबा के प्रेमी जबलपुर में भी रहकर श्याम बाबा के दर्शन एवं उनके चरणों का सुख ले सकें। तीर्थ यात्रा में मुख्य रूप से अंतरराष्टीय हारे का सहारा खाटू श्याम अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री श्री 1008 अंतर्राष्टीय किन्नर महामंडलेश्वर संतोषी मां, सोना वर्मा पूर्व मनोनीत पार्षद.अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महिला टीवी बंद गायक शिव कुमार मिश्रा. नर्मदाखंड से महिला समिति. किरण तोमर समेत भारी संख्या में भक्त तीर्थ यात्रा में थे।



# भगवान के जुलूस में पाबंदी तो राजनीतिक रैलियों को छूट

### करोना महामारी के बीच जारी दिशा-निर्देशों को लेकर उठ रहे सवाल

**बघराजी।** कोरोना महामारी मैं आमजन व दुकानदारों पर दिखाई जाने वाली सख्ती राजनीतिक पार्टियों की रैलियों मैं कहीं नजर नहीं आती, वहीं आगामी समय मैं पढ़ने वाली तीज त्यौहार पर भी पाबंदी लगाने के दिशा निर्देश शासन स्तर पर जारी कर दिए गए हैं जिसके मुताबिक जुलूस पर पाबंदी रहेगी प्रतिमा विसर्जन पर भी 10 लोग ही शामिल हो सकेंगे।

वही इसके विपरीत हाल ही में हुई राजनीतिक पार्टियों की रैली में सैकड़ों की तादात में लोग नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए शामिल हुए जिससे अब सरकार अपने नियमों में घिरती नजर आ रही है हर कोई यही कह रहा है कि आखिर भगवान के जुलूस में पाबंदी तो फिर राजनीतिक रैलियों को छूट क्यों?

उल्लेखनीय है कि कोविड-19 का हवाला देते हुए शासन ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं जिसके तहत आगामी दिनों में पढ़ने वाले तीज त्योहारों को लेकर नई गाइडलाइन जारी की गई है जिसमें पंडालों के आकार से लेकर उनके कार्यक्रम व विसर्जन में शामिल होने वाले लोगों की संख्या का निर्धारण भी किया गया है।

लेकिन अभी हाल ही में शहर में कुछ राजनीतिक रैलियां व जुलूस निकाले गए, जिनमें बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए इतना ही नहीं उसमें अधिकांश लोग ना तो मार्क्स लगाये थे और न ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जा रहा था, सारे नियम कायदे ताक पर रखकर शहर में हो हल्ले के साथ आवभगत की आयोजन संपन्न हुए जिसमें प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ मूकदर्शक बनकर तैनात रहा।

अब जब धार्मिक त्योहारों का समय आ रहा है तो सरकार ने एक मर्तबा फिर पाबंदी की लगाम कास दी है जिसका असर मूर्तिकारों सहित रोजाना कमाने खाने वाले छोटे दुकानदारों पर भी पड़ेगा, सरकारी की उक्त दोहरी मानसिकता को लेकर नगर भर में चर्चाओं का बाजार गर्म है तो वही स्थानीय प्रशासन को भी लोग आड़े हाथों लेने से नहीं चूक रहे।

# मध्य प्रदेश में सफलता पूर्वक जिकित्जा हेल्थकेयर लिमिटेड ने 5 वर्ष पूर्ण किए



भोपाल।।स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में मध्यप्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में काफी सुधर हुआ है ।बात चाहे गंभीर बीमारियों की हो या दुर्घटनाओं कीए सरकारी व्यवस्थाओं के चलते चंद मिनटों में पीडित को बेहतर से बेहतर इलाज देने की कोशिश की जा रही है। हादसे के वक्त मौके पर जाकर मरीज को मदद देने से लेकर अस्पताल में मौत को मात देने तक का काम पलक झपकते ही किया जा रहा है। यह काम उन सभी सेवाओं में सुधार करने पर हुआ है जो स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए की जा रही है। इन्हीं में से एक है जिकित्जा हेल्थ केयर लिण् का इंटीग्रेटेड रैफरेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम है ए जिसमें 108 एंबुलेंसए जननी एक्सप्रेस एंबुलेंस सेवा और 104 हेल्थ हेल्प लाइन का संचालन एकीकृत कॉल सेण्टर द्वारा किया जा रहा है । कंपनी के मध्यप्रदेश में अपनी सेवाओं के सफलतम् पांच वर्ष पूर्ण होने जा रहे है हैं और इन पांच सालों में राज्य के 1.05.72.179 लोगों को आपातकालीन सेवाएं दी जा चुकी हैं। यह हमारे लिए बहुत हुइ गर्व का विषय है जब हमने सफलतम अपने पांच वर्ष मध्यप्रदेश में पूर्ण किए है स यह भारत में पहला प्रोजेक्ट है जो आई आर टी एस पर आधारित है। इस महामारी के माहौल में पांच साल सफलतापूर्वक पूर्ण किये हैं। यहए सरकारएराज्य और जिकित्जा मध्य प्रदेश के लोगों की वजह से संभव हो पाया है।

## प्रेमिका के दरवाजे के सामने लगाई फांसी मौत

शहडोल। कोतवाली थाना क्षेत्र के रीवा रोड बाईपास के समीप एक व्यक्ति ने प्रेमिका के घर के सामने दरवाजे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी पुलिस को मिला है जिसमें उसने अपनी मौत का कारण अपनी प्रेमिका को बताया है। जानकारी के अनुसार बानगंगा बायपास मार्ग अंचल परिसर के बगल में एक महिला किराए से रहती थी उसके दरवाजे के ठीक सामने 39 वर्षीय सुरेंद्र प्रसाद गर्ग ने मौत को गले लगा लिया है। महिला के घर के दरवाजे के सामने ही सुरेंद्र प्रसाद ने फांसी लगाकर मौत को गले लगाया है। गुरुवार की सुबह जब लोगों ने घर के बाहर फांसी में झूले एक व्यक्ति को देख कर खबर पुलिस को दी सूचना लगते ही कोतवाली के सहायक उपनिरीक्षक विपिन बागरी राम नारायण पांडे समेत अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पहुंच गए पुलिस ने मृतक की पहचान सुरेंद्र प्रसाद गर्ग निवासी पिपरता थाना बुढार का होना बताया है। मृतक के पास मिले एक सोसाइट नोट में उसने अपनी मौत का कारण महिला को बताया है मृतक के हाथ पर भी लिखा हुआ है कि उसके मौत का कारण प्रेमिका है हालांकि पुलिस ने मामले पर विवेचना शुरू करते हुए मृतक के पास से मिले सुसाइड नोट व अन्य साथियों की पड़ताल शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है। घटनास्थल पर लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई थी जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को अस्पताल पीएम के लिए भिजवा दिया है।

# फाइनल टेस्ट आज से



नई दिल्ली । आज यानी 10 सितंबर से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला शुरू हो जाएगा। इस फाइनल टेस्ट मैच से पहले टीम इंडिया के खेमे से एक सदस्य को कोरोना संक्रमित पाया गया है। इससे पहले मुख्य समेत चार सपोर्ट स्टाफ के सदस्य कोरोना पाजिटिव पाए गए थे। बावजूद इसके सीरीज का अंतिम मैच अपने तय समय पर शुरू होगा और इस मैच में भारत और इंग्लैंड की टीम किस प्लेइंग इलेवन के साथ उतर सकती हैं, ये बात जान लीजिए।

सीरीज में 2-1 से आगे चल रही विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम इंडिया की बात करें तो एक बदलाव संभव लग रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय मैनेजमेंट मुहम्मद सिराज की जगह मुहम्मद शमी को प्लेइंग इलेवन में शामिल कर सकता है, जबकि अजिंक्य रहाणे के पास अपनी खोई लय हासिल करने का आखिरी मौका होगा। माना जा रहा था कि मयंक अग्रवाल, हनुमा विहारी और सूर्यकुमार यादव में से किसी एक को मौका मिल सकता है, लेकिन कप्तान विराट कोहली और टीम मैनेजमेंट अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे के साथ जाना पसंद करेगी।



### भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन

रोहित शर्मा, केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली (कप्तान), रवींद्र जडेजा, अजिंक्य रहाणे, रिषभ पंत (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, मुहम्मद शमी, उमेश यादव और जसप्रीत बुमराह।

वहीं, अगर बात मेजबान इंग्लैंड की करें तो ये मुकाबले इंग्लिश टीम के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि टीम 1-2 से पिछड़ गई है। यही कारण है कि इंग्लैंड की टीम जीत से कम कुछ नहीं चाहेगी, क्योंकि अगर टीम मुकाबला हारती है तो सीरीज 1-3 से गंवा देगी और अगर मुकाबला ड्रा भी होता है तो भी भारत 2-1 से ये सीरीज अपने नाम कर लेगा। ऐसे में इंग्लैंड अपनी बेस्ट इलेवन उतारने की कोशिश करेगा और किसी भी खिलाड़ी को आराम नहीं दिया जाएगा। हालांकि, जानी बेयरेस्टो की जगह जोस बटलर को मौका मिलेगा और क्रेग ओवर्टन की जगह मार्क वुड वापसी करते नजर आएंगे।

### इंग्लैंड की संभावित प्लेइंग इलेवन

रोरी बर्न्स, हसीब हमीद, डेविड मलान, जो रूट (कप्तान), ओली पोप, जोस बटलर (विकेटकीपर), मोइन अली, क्रिस वोक्स, ओली रोबिन्सन, मार्क वुड और जेम्स एंडरसन।

# फाइनल टेस्ट मैच को आप यहां देख सकते हैं लाइव

**भारत और इंग्लैंड के बीच आज से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाना है। सीरीज के लिहाज से मैच इंग्लैंड के लिए निर्णायक ज्यादा है।**

नई दिल्ली, आनलाइन डेस्क। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का फाइनल मुकाबला आज दोपहर से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू हो जाएगा। ये टेस्ट सीरीज के लिहाज से काफी अहम है, क्योंकि भारत 2-1 से आगे है और इंग्लैंड के पास सीरीज बराबर करने का मौका है। ऐसे में भारत जहां मैच जीतकर या कम से कम ड्रा कराकर सीरीज अपने नाम करना पसंद करेगा, जबकि मेजबानों की निगाहें आखिरी टेस्ट जीतकर सीरीज बचाने पर होंगी। यही कारण है के ये मैच रोमांचक होगा। ऐसे में अगर आपको भी इस महामुकाबले को लाइव देखना है तो इसके बारे में सारी जानकारी जान लीजिए।

### कब खेला जाएगा भारत बनाम इंग्लैंड पांचवां टेस्ट मैच?

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां मैच शुक्रवार 10 सितंबर से खेला जाएगा।



### भारत बनाम इंग्लैंड- फाइनल टेस्ट मैच कहां खेला जाएगा?

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा।

### Ind vs Eng zth ज्जद्गह्यह्न मैच कितने बजे से शुरू होगा?

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का अंतिम मुकाबला लोकल यानी यूके के समय के अनुसार सुबह 11 बजे से शुरू होगा, लेकिन उस समय भारत में दोपहर के साढ़े 3 बजे होंगे। इस तरह मुकाबले के टास का प्रसारण देखना है तो आपको भारतीय समय के अनुसार दोपहर 3 बजे से टीवी सेट या फिर मोबाइल के सामने बैठना होगा।

### India vs England zth Match •¤æ LIVE Telecast कहां देखें?

भारतीय टीम अपने ङ्खञ्जष्ट के नए चक्र की अंकतालिका में शीर्ष पर है। इस सीरीज में खेले गए चार मैचों में से दो मैच टीम ने जीत लिए हैं, जबकि एक मैच में हार मिली है और एक मुकाबला ड्रा रहा है। यही कारण है कि ये आखिरी मैच निर्णायक और रोमांचक होगा, जिसे आप सोनी पिक्चर्स स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव देख सकते हैं। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के अलग-अलग चैनलों पर अलग-अलग भाषाओं में भी इस मुकाबले की कमेंट्री सुनी जा सकती है। मैच की लाइव स्ट्रीमिंग आप सोनी लिव की वेबसाइट और Sony LIV एप पर देख सकते हैं। इसके अलावा अगर आप छ्वद्बश्र के ग्राहक हैं तो इस मैच का लुत्फ आप Jio TV एप पर भी उठा सकते हैं। वहीं, अगर आपको इस टेस्ट मैच से जुड़ी रोचक खबरें पढ़नी हैं और सीरीज से जुड़े आंकड़ों के बारे में जानना या फिर अन्य दिलचस्प खबरें पढ़नी हैं तो फिर आप दैनिक जागरण के क्रिकेट सेक्शन पर क्लिक कर सकते हैं।

# चहल का T20 विश्व कप के लिए नहीं हुआ सलेक्शन तो वाइफ धनश्री ने दिया रिएक्शन

मुंबई, आइएएनएस। बुधवार 8 सितंबर को रात 9 बजे आइसीसी टी20 विश्व कप 2021 के लिए भारतीय टीम का चयन हुआ। इस 15 सदस्यीय टीम और 3 रिजर्व खिलाड़ियों वाली टीम में लेग स्पिनर युजवेंद्रा चहल को जगह नहीं मिली। ऐसे में टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किए जाने के एक दिन बाद उनकी पत्नी और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा ने रिएक्ट किया है।चहल टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए प्रमुख गेंदबाज रहे हैं। चहल ने 49 मैचों में 25.30 के औसत और 8.32 की इकानमी रेट से 63 विकेट लिए हैं। हालांकि, बुधवार को उनका नाम टी20 विश्व कप की टीम में नहीं था। भारत ने रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और राहुल चाहर के रूप में पांच स्पिन गेंदबाजों को चुना। इस घोषणा के बाद सोशल मीडिया पर लोग चहल को टी20 विश्व कप के लिए टीम से बाहर किए जाने से हैरान हैं।उधर, इंस्टाग्राम पर अपनी स्टोरी के माध्यम से धनश्री वर्मा ने लिखा, मां कहती है कि ये वक्त भी गुजर जाना है। सर उठा के जियो, क्योंकि हुनर और अच्छे कर्म हमेशा साथ देते हैं। ये वक्त भी गुजर जाना है। गॉड इज ऑलवेज ग्रेट। अब धनश्री और चहल यूएई के लिए रवाना हो गए हैं, जहां उन्हें आइपीएल में भाग लेना है।चहल को बाहर करने के कारण के बारे में पूछे जाने पर भारत के पूर्व तेज गेंदबाज और चयन पैनल के अध्यक्ष चेतन शर्मा ने कहा कि उन्हें एक ऐसे स्पिनर की जरूरत है जो तेजी से स्पिन करा सके। चहल अब यूएई में आईपीएल 2021 के दूसरे चरण में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। यहां तक कि वे आरसीबी में विराट कोहली की कप्तानी में काफी सफल रहे हैं, लेकिन फिर भी उनको टी20 टीम में जगह नहीं मिली है, जबकि आर अश्विन की वापसी लंबे समय के बाद टी20 टीम में हुई है।



# बबीता जी और टप्पू के अफेयर पर मचा हंगामा सोशल मीडिया पर आई मीम्स की बाढ



**जेठालाल तो कभी बबीता जी को अपने दिल की बात बता नहीं पाए। पर फैन्स जरूर टप्पू की इस हरकत से भड़के हुए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ ला दी है। कोई कह रहा कि टप्पू तो अपने पापा से एक कदम आगे निकल गया।**

नई दिल्ली। तारक मेहता ता उल्टा चश्मा की फैन फॉलोइंग काफी जबरदस्त है। शो के किरदारों की पर्सनल लाइफ में भी फैन्स को काफी दिलचस्पी है। पिछले दिनों जैसे ही मीडिया में बबीता जी मुनमुन दत्ता और टप्पू राज अंदकत के अफेर की खबरों ने हंगामा मचा दिया है। लोग इस जोड़ी की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें इस बात का यकीन नहीं हो रहा है कि टप्पू, बबीता जी से प्यार करने लगा है। क्योंकि तारक मेहता को देखने वाले हर शख्स को पता है कि जेठाला कितनी शिद्दत से बबीता जी को पसंद करते हैं।

जेठालाल तो कभी बबीता जी को अपने दिल की बात बता नहीं पाए। पर फैन्स जरूर टप्पू की इस हरकत से भड़के हुए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ ला दी है। कोई कह रहा कि टप्पू तो अपने पापा से एक कदम आगे निकल गया। तो किसी ने लिखा टप्पू बेटा मस्ती नहीं।

परिवार को भी है रिश्ते की खबर

टीम तारक मेहता का उल्टा चश्मा का हर सदस्य इस बात से वाकिफ है कि दोनों के बीच क्या चल रहा है। इस मामले से जुड़े एक सूत्र का कहना है, %मुनमुन दत्त और राज अंदकत के परिवार वालों को भी सब पता है, कोई अंधेरे में नहीं है।

मुनमुन से 9 साल छोटे हैं राज

सूत्रों के हवाले से ईटाइम्स में लिखा गया, इसके अलावा टीम %तारक मेहता का उल्टा चश्मा दोनों के रिश्ते को सम्मान की निगाहों से देखते। कोई भी दोनों का मजाक नहीं उड़ाता है। दोनों बच-बचाकर एक-दूसरे के साथ वक्त नहीं बिताते। दोनों काफी लंबे वक्त से एकदूसरे को डेट कर रहे हैं। बता दें कि मुनमुन और राज के बीच उम्र का 9 साल का फासला है।

# शमिता शेट्टी और राकेश बापट के बीच बढ़ती जा रही दूरियां



नई दिल्ली। 'बिग बॉस ओटीटी' कंटेस्टेंट राकेश बापट और शमिता शेट्टी के बीच पिछले कुछ दिनों से काफी नज़दीकियां देखी जा रही थीं, लेकिन अब दोनों के बीच दरार आने लगी है। राकेश और शमित के बीच इन दिनों काफी झगड़े हो रहे हैं आलम ये है कि दोनों एक दूसरे से बात तक नहीं कर रहे। 9 सितंबर को दिखाए एपिसोड में राकेश ने नेहा भसीन से कहा कि वो उनका मैसेज शमिता को दे दें कि वो इसलिए शमिता से बात नहीं कर रहे क्योंकि वो उनका एनज़ाइटी लेवल नहीं बढ़ाना चाहते। नेहा जाकर शमिता को राकेश का मैसेज दे देती हैं।इसके बाद बिग बॉस दिव्या को छोड़कर सभी घरवालों को टास्क देते हैं। इस टास्क में शमिता और प्रतीक के बीच धक्का मुक्की हो जाती हैं और शमिता गिर जाती हैं।इसके बाद बाथरूम एरिया में राकेश, शमिता और नेहा को समझाते हैं कि कल वो इसी स्ट्रेंथ की बात कर रहे थे इसलिए उन्होंने प्रतीक को नॉमिनेट किया था। ये सुनकर शमिता बुरी तरह बिखर जाती हैं और राकेश पर ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगती हैं। शमिता, राकेश से कहती हैं कि ये जानने की बजाय कि उनके कहीं चोट तो नहीं वो उल्टा प्रतीक के लिए अपनी बात साबित करने में लगे हुए हैं।इसके बाद राकेश पलटकर शमिता से कहते हैं कि तुम हमेशा हर्ट रहती हैं, जैसे तुम्हारे अलावा यहां कोई और हर्ट नहीं होता। ये सुनकर शमिता और आगबबूला हो जाती हैं और राकेश को गलियां देने लगती हैं। इसके बाद राकेश वहां से चले जाते हैं। इस टास्क के विजेता होते हैं प्रतीक, राकेश और नेहा।आपको बता दें कि राकेश और शमिता इशारों-इशारों में इस बात को कुबूल कर चुके हैं कि दोनों एक दूसरे पसंद करने लगे हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच हर बात पर झगड़ा होता दिख रहा है। अब देखना ये होगा कि दोनों के बीच रिश्ता बनने से पहले टूट जाएगा या बिग बॉस के घर में फिर एक नई लव स्टोरी जन्म लेगी।



# जबलपुर में 14 साल की मासूम के साथ गैंगरेप

## प्रेमी ने दुराचार कर दोस्तों को सौंप दिया

**जबलपुर, यशभारत। गोरबाजार में एक 14 वर्षीय मासूम के साथ उसके प्रेमी और 4 दोस्तों ने दरिन्दगी की। जिससे समूची संस्कारधानी शर्मसार हो गई। युवती की मां और पिता मौके पर पहुंचे और आरोपियों के चंगुल से मासूम को मुक्त कराया। पुलिस ने मौके से तीन और एक घटनास्थल से निकल चुके युवक को गिर तार कर लिया है। छात्रा का कथित प्रेमी और मामले में पांचवां आरोपी की तलाश चल रही है।**




गोराबाजार पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि छात्रा कजरवारा क्षेत्र में रहती है। छात्रा का ननिहाल उमरिया में है। वहीं के एक युवक ने छात्रा को प्यार के झांसे में फ ंसा लिया है। 8 सितंबर को युवक ने छात्रा के पास कॉल कर बताया था कि वह 9 सितंबर को जबलपुर आ रहा है। झांसा दिया था कि वह उससे शादी करेगा। सुबह 11 बजे के लगभग युवक जबलपुर पहुंचा। छात्रा को फोन कर प्रगति नगर में बुलाया था। छात्रा को बताया था कि कजरवारा चौराहे पर उसके दोस्त ऑटो से मिलेंगे। लगभग 11.30 बजे छात्रा की मां नहाने गई। उसी दौरान वह मां का मोबाइल लेकर निकल गई। कजरवारा तिराहे पर ऑटो के साथ दो दोस्तों के साथ मिला। दोनों के साथ वह ऑटो में बैठकर गोराबाजार क्षेत्र के प्रगति नगर पहुंची। वहां प्रेमी युवक के साथ पहले से युवक के दो दोस्त मौजूद थे।

### दिया शादी का झांसा

युवक ने छात्रा से विवाह रचाने के लिए उमरिया का खेल रचा, लेकिन ले नहीं गया और वापस प्रगति नगर पहुंचा। जहां छात्रा के मुताबिक उसका प्रेमी उसे ऊपर के कमरे में ले गया। वहां शादी का झांसा देकर उसके साथ रेप किया। फिर उसे नीचे मौजूद दोस्तों के हवाले सौंप कर ये कहते हुए निकल गया कि इसे घर छोड़ देना। चारों आरोपियों ने अंधेरा होने का हवाला देते हुए सुबह जाने की बात कही। रात में चारों ने बारी-बारी से छात्रा के साथ गैंगरेप किया। कुछ देर बाद युवक का एक दोस्त ऑटो लेकर चला गया। वहीं तीन आरोपी छात्रा के साथ ही रुके रहे।

### परिजनों ने कराया मुक्त

उधर, बेटी को देर रात तक घर नहीं लौटने पर उसकी मां व पिता तलाशते हुए गोराबाजार पहुंचे। पुलिस छात्रा के टावर लोकेशन के आधार पर प्रगति नगर उस मकान पर पहुंची, जहां छात्रा के साथ तीनों आरोपी मौजूद थे। पुलिस ने छात्रा को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराया। छात्रा के बयान के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को दबोच लिया। इसके बाद दबिश देकर एक आरोपी युवक को भी दबोच लिया। मुख्य आरोपी को दबोचने के लिए पुलिस उमरिया रवाना हो गई है। गोराबाजार पुलिस ने गैंगरेप, पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी अनुसार तीन आरोपी ऑटो चलाते है, जबकि एक सब्जी बेंचता है।




# जबलपुर में पेट्रोल पंप से चिल्लर चोरी

### बड़ी रकम में हाथ साफ करने आया था बाइक सवार, चिल्लर ही लगी हाथ

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर के एक पेट्रोल पंप में बड़ी रकम में हाथ साफ करने की नियत से आए एक शातिर बाइक सवार चोर के हाथ केवल चिल्लर ही लगी। घटना पनेहरा पेट्रोल पंप की है। जहां पंप कर्मचारी अपने काम में लगा था तो वहीं बाइक सवार ने पहले यहां वहां ताकाझाकी की और जब कुछ हाथ आता नहीं दिखा तो हजारों की चिल्लर ही उठाकर रफूचक्कर हो गया। पंप कर्मी की शिकायत पर रांझी पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पेट्रोल पंप कर्मचारी केशव मिश्रा ने पुलिस को बताया कि जब वह पेट्रोल भरवाने आए लोगों के बीच व्यस्त था, उसी दौरान रात में एक बाइक सवार युवक आया और यहां-वहां तांकने लगा। जब उसने उसे टोका तो वह चुपचाप चला गया, लेकिन जब उसने अपने पास में ही रखी चिल्लरों का ढेर देखा तो वह गायब था। पुलिस सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर चोर को तलाश करने में जुटी है।

## शिक्षा विभाग में तबादले की आड़ में खाईबाजी

# 15 बच्चों को पढ़ाने 4 शिक्षक

## सेंट्रल केंटोमेंट स्कूल में मझौली स्कूल की शिक्षिका का तबादला

**जबलपुर।** शिक्षा विभाग में शिक्षकों के तबादले तो कर दिए गए लेकिन उनमें ढेरों खामियां है। खाईबाजी के चक्कर में नियम विरूद्ध तरीके से तबादला कर दिए गए। गोलबाजार प्राथमिक स्कूल में सिर्फ 15 बच्चे है लेकिन यहां 4 शिक्षकों की तैनाती कर दी गई। इसी तरह केंटोमेंट के सेंट्रल स्कूल में मझौली सरकारी स्कूल के शिक्षिका का तबादला कर दिया गया। जबकि सेंट्रल के स्कूल में सिर्फ सेंट्रल स्कूल के टीचर का ट्रांसफर हो सकता है।

### डीईओ से ऐसे हुई गड़बड़ी

- प्राथमिक स्कूल नारायणपुर शिक्षक अब्दुल सलीम का तबादला सतना किया गया जबकि इसके अधिकार डीईओ (जिला शिक्षा अधिकारी) के पास नहीं थे।
- गोलबाजार प्राथमिक स्कूल में 15 बच्चों के लिए पहले से दो शिक्षक नियुक्त फिर दो शिक्षकों का तबादला कर भेजा गया।
- मझौली माध्यमिक स्कूल की शिक्षिका अर्चना गुप्ता का तबादला छावनी परिषद के माध्यमिक स्कूल में कर दिया गया।
- अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में पहले ही जिला शिक्षा अधिकारी गलत कर चुके है जिसमें शासन को आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

### तकनीकी गलती नहीं, पैसों के चक्कर में गलतियां की है

मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेंद्र दुबे ने आरोप लगाते हुए बताया कि शिक्षकों के तबादले में तकनीकी गलतियां नहीं हो सकती है, क्योंकि किसी भी शिक्षक का अगर तबादला हो रहा है तो ऑनलाइन तबादला में दोनों शिक्षकों की यूनिक आईडी फीड करने के बाद फिर उन संस्थाओं के डाइस कोड फीड किए जाते हैं। इसके बाद यूनिक नंबर जनरेट होता है जब उस नंबर को डालते हैं तब तबादले का ऑप्शन खुलता है। इसके बाद जब प्रक्रिया पूरी होने के बाद अधिकारी डिजिटल साइन करता है इसके लिए भी पासवर्ड होता है। जैसे डिजिटल साइन होता है वैसे ही आदेश जनरेट होता है। इतने सारे प्रोसिस होने के बाद सतना-जबलपुर डीईओ दूसरे जिले के तबादले को तकनीकी गलती बता रहे हैं जो हो नहीं सकता है।

### तकनीकी गलती हुई तो ज्वाइनिंग और रीलीविंग नहीं करना था

कर्मचारी नेता योगेंद्र दुबे ने कहा कि किसी शिक्षक तबादला जिले से बाहर होता है तो उस जिले के जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यमुक्त करना होता है और बाहर से आने वाले शिक्षक को ज्वाइन कराना होता है। गलतियां सामने आने के बाद भी सतना और जबलपुर जिला शिक्षा अधिकारी ने लापरवाही की है। अगर तबादले में तकनीकी गलती है तो ज्वाइनिंग और रीलीविंग में गलती नहीं होनी थी।

### चेरीताल संकुल प्राचार्य भी लापरवाह

योगेंद्र दुबे का आरोप है कि चेरीताल संकुल प्रभारी प्राचार्य द्वारा तबादले में लापरवाही की गई है। दरअसल गोलबाजार माध्यमिक शाला में 32 बच्चे है तीन शिक्षक पहले से पदस्थ है। यहां भी एक और शिक्षक को तबादला करके भेज दिया है। नियमानुसार स्कूल में तीन शिक्षक ही होने थे। इसी तरह गोलबाजार प्राथमिक शाला में दो शिक्षक पहले से पदस्थ है छात्र संख्या 15इसके बाद भी दो शिक्षकों को तबादला करके भेज दिया गया है। चेरीताल प्रभारी संकुल प्राचार्य ने पूरी की जानकारी थी इसके बाबजूद दो शिक्षकों को ज्वाइन कराया। जबकि नियम है कि 60 बच्चे अगर एक स्कूल में रहे तो वहां पर दो शिक्षक नियुक्ति का नियम है।

### 10 वीं विशेष परीक्षा में नकल प्रकरण

# नकल से श्रेणी सुधार करना चाह रहा था छात्र

**कुंडम उत्कृष्ट विद्यालय परीक्षा केंद्र में केंद्र प्रभारी ने बनाया प्रकरण**

जबलपुर, यशभारत। माध्यमिक शिक्षा मंडल के आतंरिक मूल्यांकन परीक्षा परिणाम ने नाखुश विद्यार्थियों के लिए मंडल द्वारा 10वीं-12वीं की विशेष परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। इसी के तहत कुंडम उत्कृष्ट स्कूल परीक्षा केंद्र में 10वीं सामाजिक विज्ञान के परचे में एक छात्र का नकल प्रकरण बनाया गया। कुंडम उत्कृष्ट स्कूल परीक्षा केंद्र प्रभारी आरएस दीक्षित ने बताया कि रोल नंबर 117100885 का 10वीं का छात्र पेंट के जेब में नकल की ढेरों पर्चियां रखे हुए था जिसका नकल प्रकरण बनाया गया।

इधर शुक्रवार को 10वीं का सामाजिक विज्ञान और 12वीं हिंदी का परचा 7 केंद्रों में आयोजित हुआ। 10वीं के सामाजिक विज्ञान पेपर में 180 छात्रों को परीक्षा देनी थी जिसमें 144 छात्र ही परीक्षा देने पहुंचे 36 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी। इसी तरह 12वीं हिंदी पेपर में 50 विद्यार्थियों को शामिल होना था जिसमें 43 छात्र शामिल हुए 7 विद्यार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। परीक्षा से गायब रहे छात्रों का अब परिणाम बिगड़ सकता है। अगर, वे दो प्रश्न पत्रों में गैर हाजिर रहेंगे तो उनको फैल कर दिया जाएगा। इससे उनकी साल भी बर्बाद हो सकती है। अपने रिजल्ट को चुनौती देने और फॉर्म भरने के बाद भी शिक्षा विभाग ने एक मौका दिया था कि वे अपना फॉर्म वापस ले सकते हैं।

# आईजी ने ली क्राइम मीटिंग


नवागत आईजी उमेश जोगा


पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा

## पुलिस अधीक्षकों से कहा - अपराधों पर लगाएं अंकुश

**जबलपुर, यशभारत।** नवागत पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन उमेश जोगा ने पद संभालने के ठीक 24 घंटे बाद जोन के जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी और नरसिंहपुर जिले के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक करते हुए कई महत्तवपूर्ण दिशा निर्देश दिए हैं। आईजी श्री जोगा ने अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने एवं लंबित प्रकरणों की त्वरित विवेचना करते हुए मामलों के निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आईजी ने जिलेवार जनवरी 2021 से अगस्त 2021 तक 8 माह में हुए गंभीर अपराधों की थानावार समीक्षा की है। वर्तमान के 8 माह के पुलिस रिकार्ड को बीते वर्ष के दर्ज रिकार्ड से भी मिलान किया गया। पुलिस अधीक्षकों की मासिक समीक्षा बैठक त्रिवर्षीय तुलनात्मक जानकारी में घटित अपराध एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की समीक्षा की गई। **फोटो- अशोक बर्मन**



### अधारताल में तीज व्रत मनाने गया परिवार

# चोरों ने दरबाजा उखाड़कर जेवरातों पर किया हाथ साफ

**जबलपुर, यशभारत।** चोरों के हौंसले अब सांतवे आसमान पर है। जिसकी नजीर अधारताल के कंचनपुर में दरमियानी रात देखने को मिली, जहां हरितालिका व्रत मनाने गए सपरिवार के घर का लॉक ना टूटने पर चोरों ने दरबाजा ही उखाड़ फेंका और अलमारी में रखे कीमत जेवर और नगदी लेकर फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर, चोरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मैदा मिल के पीछे, कंचनपुर में रहने वाले प्रदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि दरमियानी रात सपरिवार तीज व्रत मनाने घर से बाहर गए थे। तभी चोरों ने घर का दरबाजा उखाड़कर हजारों रुपये के कीमती गहने लेकर फरार हो गया। घटना के बाद मामले में एफआईआर दर्ज होते ही हरकत में आई पुलिस सीसीटीव्ही फु टेज में आरोपियों को तलाश रही है। इतना ही नहीं पुलिस क्षेत्र के शातिर बदमाशों की कुंडली भी खंगालने में जुटी है।

## एसडीएम अनुराग तिवारी को पी.एचडी. उपाधि



जबलपुर। जिले में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर एवं शहपुरा एस.डी.एम अनुराग तिवारी को विक्रम विश्वविद्यालय से भूगोल संकाय में पी.एचडी. की उपाधि प्राप्त हो गई है। शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय उज्जैन शोध केंद्र द्वारा उन्हें डेमोग्राफिक प्रोफाइल आफ ट्राइबल्स एंड नॉट ट्राइबल्स पापुलेशन-ए कॉम्प्रेटिव ज्योग्राफिकल एनालिसिस ऑफ मध्य प्रदेश, विषय में पी.एचडी.उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने प्रो. वाई. जी. जोशी के मार्गदर्शन में यह शोध कार्य किया है ।




गोली लगने से कार का शीशा टूट गया, पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी

# रामपुर इंद्रानगर में गोली चलने से दहशत

**जबलपुर।** रामपुर चौकी अंतर्गत इंद्रानगर में शुक्रवार की दोपहर उस समय भगदड़ मच गई जब ग्वालियर से आए एक परिवार के मुखिया ने हवाई फायर कर दिए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए और हवाई फायर करने वाले परिवार को खदेड़ दिया। घटना की जानकारी लगते ही ग्वारीघाट थाना पुलिस सहित रामपुर चौकी का बल मौके पर पहुंच गया। ग्वारीघाट पुलिस के अनुसार इंद्रानगर निवासी जानकी पासी के घर में ग्वालियर निवासी दामाद शिवकुमार गूजर अपने मां, बहन, भांजा के साथ कार में पहुंचे था।

### बेटी को ग्वालियर ले जाने आये पिता ने किया फायर

जानकी पासी की बेटी स्वाती का विवाह ग्वालियर निवासी शिवकुमार गूजर से हुआ था लेकिन शादी के बाद से ही दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था इसी के तहत दो दिन पहले जानकी पासी अपनी बेटी स्वाती और नातिन शिवन्या 5 साल को ग्वालियर से जबलपुर ले आई थी। इसकी जानकारी जब दामाद शिवकुमार गूजर को लगी तो वह शुक्रवार को एक कार से मां, बहन, भांजे के साथ रामपुर इंद्रानगर जबलपुर पहुंचा और अपनी बेटी शिवन्या को ले जाना लगा। इसका विरोध जानकी पासी और बेटी स्वाती ने किया तो दहशत फैलाने शिवकुमार ने हवाई फायर कर दिए। हवाई फायर सुनते ही क्षेत्रीय लोग एकत्रित हो गए और आरोपियों को पकड़ने की कोशिश करने लगे यह देखते हुए दोबारा शिवकुमार ने हवा में फायर किया और फरार हो गया। इस घटना में जानसी पासी और बेटी को मामूली चोट आई हैं। ग्वारीघाट पुलिस ने मामले को जांच में लेते हुए आरोपियों की तालाश शुरू कर दी है।

**फोटो-बबलू**

### गोहलपुर- गोरखपुर और ओमती में चला चोरों का जादू

# गोदाम से चुराया इलेक्ट्रॉनिक सामान तो गोरखपुर से दाल-चावल ही ले उड़े

**जबलपुर, यशभारत।** चोरों पर अंकुश लगाना अब टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। शातिर चोर सूने मकानों की रैकी कर, पहले पूरी कार्ययोजना बनाते है उसके बाद आराम से वारदात कर लोगों की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर, उड़ जाते है। जिसके चलते शहर के तीन थाना क्षेत्र में चोरों का जादू चल गया। थाना गोहलपुर में एक गोदाम में रखा इलेक्ट्रॉनिक का सामान ताला तोड़कर, चोरों ने साफ कर दिया तो वहीं गोरखपुर में तो एक खपरैल मकान का छज्जा हटाकर दाल-चावल ही ले उड़े। पुलिस मामलों की छांनबीन कर रही हैं। जानकारी अनुसार थाना गोहलपुर में गुलाम नबी उम्र 28 वर्ष निवासी मिलौनीगंज ने पुलिस को बताया कि उसका नर्मदा नगर गोहलपुर में गोदाम है, एवं इलैक्ट्रिक का सामान रखता है। पिछले महिने गोदाम बंद कर घर आ गया था। अभी गोदाम जाकर देखा तो गोदाम का ताला टूटा था, अंदर रखी 4 वैल्डिंग मशीन, 1 कार्बाइड गैस टैंक, गैस कटर, 1 पेटी सीएफ एल बल्फ , 2 होम थियेटर,सहित अन्य सामान गायब थे। गोदाम का ताला तोड़कर चोर करीब 60 हजार रूपये का सामान चुरा ले गए।



### सूने मकान से कच्चा अनाज गायब

इसी प्रकार थाना गोरखपुर में राजेन्द्र पटेल उम्र 33 वर्ष निवासी रीवा कॉलोनी रामपुर ने पुलिस को बताया कि 1 महिने पहले अपने मकान में ताला लगाकर परिवार सहित गॉव रीवा गया था। एक पडोसी सूर्यमणी मिश्रा ने फ ोन पर बताया कि तुम्हारे घर में चोरी हो गयी है, पीछे का दरवाजा खुला है, जिसके बाद जब वह घर आया तो देखा कि पीछे का दरवाजा खुला था अंदर जाकर देखा तो छप्पर के खपरे हटे थे, घर में रखे 1 इंडेन कम्पनी का सिलेण्डर, 1 बजाज मिक्सर तथा खाने का राशन दाल-चावल आदि गायब था। सून मकान के खपड़े हटाकर चोर करीब 10 हजार रूपये कीमती सामान चुराकर पीछे के दरवाजे को खोलकर गायाब हो गया।

### देखने लिया मोबाइल और हो गया गायब

तो वहीं, थाना ओमती में शिवचरण कोल उम्र 20 वर्ष निवासी सीधी ने पुलिस को बताया कि वह नौदरा ब्रिज के पास ग्लोबल इंटरप्राईजेज में प्राईवेट काम करता है, उसके साथ काम करने वाला व्यक्ति रोहन एसोसियेट्स के जरिये काम करता था। जिसका नाम उसे नहीं पता है। सुबह वह व्यक्ति उसके पास आया और कहा कि मोबाईल दिखाओ तो उसने अपना रेडमी मोबाईल देखने हेतु उस व्यक्ति को दे दिया, जो उसका मोबाईल देखते देखते गायब हो गया, जिसकी उसने तलाश की जो नहीं मिला ।

प्रथम पुण्यतिथि 11/9/2020
याद में आपकी आंखे भर आती हैं।
सब कुछ होते हुये भी आपकी कमी नजर आती है।।



स्व. श्री चंद्रशेखर सोनकर
पिता- स्व. सरजू प्रसाद सोनकर माता स्व. श्रीमति केसरबाई पत्नि- श्रीमति आरती सोनकर, बेटी- फेरी भाई- श्री चम्पालाल सोनकर, माखन, बलराम, प्रेमनाथ, वीरू, रज्जन, गोपाल भतीजे- बबलू, सोनी, बादल, रिंकू, राजा, सरीन
पता- म.नं. 164 रवीन्द्र नगर जे. डी. ए. पार्क के सामने अधारताल जबलपुर

DS44 रिटेल एवं होलसेल फिक्स रेट शॉप
जीन्स 375/- लोवर 199/-
शर्ट 249/- टी-शर्ट 199/-
सम्पर्क 9109244144
पता- जबलपुर तुलाराम चौक स्टेट बैंक के आगें आनंद रेडियो के बाजू से

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

ADMISSION OPEN भारतीय ITI
Affiliated By DGET & NCVT (Govt. Of India)
ISO CERTIFIED ESTD 1990
ELECTRICIAN 2 Year Engg. Trade
FITTER
FREE ONLINE REGISTRATION
Sharda Chowk (Infront of Chourasiya Hotel) Madan Mahal, Jabalpur
Ph. : 0761-4003860, 9425162863, 9425150550, 7974960286

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )